

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 260 | ग्वालियर, रविवार, 09 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### शरद पवार बोले- न टायर्ड हूं, न रिटायर्ड मैं अभी काम करने में सक्षम



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मुखिया शरद पवार ने एक बार फिर पलटवार करते हुए कहा कि वह 82 के उम्र में भी बेहतर काम कर सकते हैं. भतीजे अजित पवार के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शरद पवार ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराते हुए कहा, ना टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं. राकांपा प्रमुख ने कहा कि वे पार्टी के लिए काम कर रहे हैं. उनके पास किसी तरह का कोई मंत्री पद नहीं है. आपको बता दें कि बीते दिनों सीनियर पवार के भतीजे अजित पवार ने कहा था कि अब समय आ गया है कि उनके चाचा रिटायरमेंट ले लें और राकांपा की कमान उन्हें दे देनी चाहिए. मीडिया से बातचीत के दौरान शरद पवार ने कहा, वह अभी बूढ़े नहीं हुए हैं और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि ना टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं. अजित के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, उन्हें रिटायर होने के लिए कहने वाले वे कौन होते हैं। मैं अभी भी काम करने में सक्षम हूं. शरद पवार ने कहा कि अगर उनकी नियुक्ति पार्टी अध्यक्ष के रूप में अवैध है तो प्रफुल्ल पटेल के साथ अन्य तरह की सभी नियुक्तियां भी अवैध हैं. उन्होंने कहा कि मेरा नाम का प्रस्ताव खुद प्रफुल्ल पटेल ने दिया था. उन्हें दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सर्वसम्मति से चुना गया. शरद पवार का कहना है कि अजित और अन्य (भुजबल और प्रफुल्ल) उन पर व्यक्तिगत हमले भाजपा के इशारे पर कर रहे हैं.

### दूसरे दिन भी रोकी गई अमरनाथ यात्रा, अब तक 9 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा को कल यानी शुक्रवार को अस्थाई रूप से रोकना पड़ा था. दरअसल, भारी बारिश और खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा को रोक दिया गया था. इसी के साथ यात्रा के रूट्स पर दूसरे दिन भी अमरनाथ यात्रा का संचालन नहीं हो सका. बताया जा रहा है कि खराब मौसम चलते बालटाल और पहलगाम मार्गों पर अमरनाथ यात्रा को दूसरे दिन भी निलंबित किया गया है. गौरतलब है कि 62 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा की शुरूआर 1 जुलाई को हुई थी. जिसका समापन 31 अगस्त को होगा. बहुत ही दुर्गम मानी जाने वाली इस यात्रा में हर साल कई श्रद्धालुओं की जान जाती है. इस साल भी अब तक 9 तीर्थयात्रियों की मरने की खबर है. बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों में ही 6 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल अब तक तीर्थयात्रा में नौ लोगों की मौत हो चकी है. हालांकि उन्होंने तीर्थयात्रियों के मरने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं दी. ऐसा माना जा रहा है कि तीर्थयात्रियों की मौत की वजह अधिक ऊंचाई और कम ऑक्सीजन के चलते हार्ट अटैक से हुई होगी. इसके साथ ही अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा में अब तक 25 लोग घायल भी हुए हैं. इस तीर्थ यात्रा में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें 8 यात्री और एक आईटीबीपी का जवान शामिल है. बता दें सावन के महीने में होने वाली इस यात्रा के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन कराते हैं. लेकिन भोलोनाथ के प्रिय श्रावण मास में कुछ ही भक्तों के उनके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है. क्योंकि इस यात्रा पर रजिस्ट्रेशन के बाद भी हर किसी को जाने की इजाजत नहीं मिलती. जो लोग मेडिकल फिट पाए जाते हैं उन्हें ही इस यात्रा पर जाने की अनुमति मिलती है. शुक्रवार को जम्मू में तत्काल पंजीकरण के लिए सरस्वती धाम के बाहर लोगों की लंबी लाइनें देखने को मिली. बीते दिन शहर के आधार शिविरों में 3000 भक्तों को ही यात्रा पर जाने के लिए टोकन जारी किए गए.

### कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सीमा और सचिन पहुंचे घर

**ग्रेटर नोएडा।** कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार को पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके भारतीय प्रेमी सचिन को जेल से रिहा कर दिया गया। दोनों रिहाई के बाद रबूपुरा से घर पहुंचे। अब इस मामले में पुलिस अंतिम आरोपपत्र दाखिल करेगी। तब तक यह केस नॉर्मल केस की तरह चलता रहेगा। जब तारीख होगी तब सीमा और सचिन को कोर्ट जाना होगा। एडवोकेट हेमंत पराशर ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए बताया कि आज सुबह सीमा और सचिन रबूपुरा स्थित अपने घर पहुंचे हैं। घर पहुंचने के बाद दोनों बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया की सुबह सीमा सचिन रबूपुरा पहुंचे। पाकिस्तानी दूतावास से कोई आएगा या नहीं इस पर उन्होंने बताया कि ये सरकार की नीति है। उसके तहत होगा। इसके अलावा जांच एजेंसियां अपना काम करती रहेंगी।



## पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कई जिलों में हिंसा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच कई जिलों से हिंसा की खबरें आ रही हैं. इसी बीच उत्तर 24 परगना जिले के पीरगाछा में एक निर्दलीय उम्मीदवार के बूथ एजेंट की हत्या की खबर आई है. बताया जा रहा है कि निर्दलीय उम्मीदवार के बूथ एजेंट की हत्या के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरु दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. प्रदर्शनकारी इस हत्या के पीछे टीएमसी उम्मीदवार मुन्ना बीबी के पति का हाथ होने का आरोप लगा रहे हैं. हत्या के बाद भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है. प्रदर्शनकारियों ने पर आगजनी कर सड़क जाम कर दी है.
उधर तृणमूल कांग्रेस ने अपने तीन कार्यकर्ताओं की हत्या का आरोप लगाया है. टीएमसी ने एक ट्वीट कर कहा है कि शनिवार को मतदान शुरु होने के बाद उनकी पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई. टीएमसी ने ट्वीट किया, चौंकाने वाली और दुखद घटनाओं से



मतदान समुदाय सदमे में है. रेजीनगर, तुफानगंज और खारग्राम में हमारी पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई है और डोमकोल में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए हैं. इसके साथ ही टीएमसी ने सुरक्षा में विफल रहने के लिए सुरक्षा बलों को आड़े हाथों लिया है. टीएमसी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि, यह सब चुनाव शुरू होने से पहले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी भारी विफलता का संकेत देता है। बता दें कि इससे पहले, कूचबिहार के सीताई में बाराविटा प्राइमरी स्कूल के एक मतदान केंद्र में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई और मतपत्रों में आग लगा दी गई. न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक वायरल वीडियो शेयर किया था. जिसमें एक कमरे में धुएं और टूटी हुई कुर्सियां और मेजें बिखरी हुई दिखाई दे रही हैं. बता दें कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा की ऐसी वारदातें होना आम बात है. पिछले महीने पंचायत चुनाव की अभिसूचना जारी होने के बाद से ही राज्य में कई लोगों की हत्या और कई स्थानों पर हिंसा की ऐसी वारदातें सामने आई हैं.

## अब सोनीपत के किसानों के बीच पहुंचे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को मोदी सरनेम मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा को बरकरार रखा. इस बीच राहुल गांधी देशभर में किसान, छात्र और मजदूरों के बीच पहुंच रहा हैं. शनिवार सुबह राहुल गांधी अचानक हरियाणा के सोनीपत में किसानों के बीच पहुंच गया. जहां उन्होंने किसानों और मजदूरों से बात की और खेतों में ट्रैक्टर चलाया. इसके साथ ही राहुल गांधी ने किसानों और मजदूरों से साथ खेतों में धान भी रोपे. बता दें कि राहुल गांधी शनिवार सुबह हिमाचल प्रदेश जा रहे थे. इसी दौरान वह बरोदा क्षेत्र के गांव मदीना के खेतों में पहुंच गए. जहां कुछ मजदूर काम कर रहे थे. राहुल गांधी को अपने बीच देखकर लोग हैरान रह गए. इस बीच राहुल गांधी ने किसानों और मजदूरों से



बातचीत की. साथ ही फसल के बारे में जानकारी ली. इस बीच राहुल गांधी ट्रैक्टर चलाने लगे और खेतों में धान की रोपाई भी की. राहुल गांधी के खेतों में होने की खबर मिलते ही तमाम ग्रामीण वहां पहुंच गए. बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल और गोहाना से विधायक जगबीर सिंह मलिक भी राहुल गांधी के आने के खबर मिलने के बाद मदीना गांव पहुंचे. बता दें कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार तडके दिल्ली से शिमला के लिए रवाना हुए थे. कुंडली बॉर्डर पर पहुंचने के बाद उन्होंने अचानक अपना कार्यक्रम बदला और सोनीपत का रुख कर लिया. राहुल गांधी हाईवे से मुरथल होते हुए कुराड़ रोड से बाईपास के रास्ते गोहाना की तरफ चले गए. वहां से वह करीब सात बजे बरोदा के गांव मदीना पहुंच गए. उन्होंने रास्ते में कई जगह खेतों का निरीक्षण भी किया. राहुल गांधी ने मदीना गांव में खेतों में धान रोपाई की जानकारी ली. उसके बाद वह खुद भी मजदूरों के साथ धान रोपने लगे.

## राज्यपाल ने चुनावी हिंसा की निंदा की बताया लोकतांत्रिक व्यवस्था पर धब्बा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शनिवार को राज्य में चल रहे पंचायत चुनावों के बीच व्यापक हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि ये घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक धब्बा हैं। शनिवार सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही राज्यपाल ने विभिन्न हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उत्तर 24 परगना जिले के कदम्बगाछी में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, सुबह से मुझे झड़पों और हिंसा की कई घटनाओं की सूचना मिली है। गोलीबारी और खून-खराबा हुआ है। मैं बाद में और अधिक अपडेट प्रदान करूंगा। जो कुछ भी हो रहा है वह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक धब्बा है, जहां आम लोग बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन मैं अब भी लोगों से आग्रह करता हूं कि वे बाहर आएं और अपने अधिकारों का प्रयोग करें। मतदान शुरू होने के बाद से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। चुनावी हिंसा में मुर्शिदाबाद और पूर्वी बर्दवान जिलों में दो-दो तथा नादिया, कूच बिहार और मालदा से एक-एक लोगों के मरने की सूचना है। गत 8 जून को मतदान की तारीख घोषित होने के बाद से शनिवार तक मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई है।





## उत्तराखंड में भूमाफिया पर कसेगा शिकंजा

**देहरादून।** प्रदेश में नया कानून लागू होने से भूमाफिया पर शिकंजा कसेगा और आम आदमी को राहत मिलेगी। कैबिनेट में पास होने के बाद अब सरकार इसको लेकर अध्यादेश ला सकती है। उत्तराखंड में जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने की धामी सरकार की मुहिम अब जोर पकड़ सकती है। अभी तक सरकार के स्तर पर जितने भी प्रयास किए गए, वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। उत्तराखंड, भूमि अतिक्रमण (निषेध) अध्यादेश में कड़े कानूनों का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में नया कानून लागू होने से भूमाफिया पर शिकंजा कसेगा और आम आदमी को राहत मिलेगी। कैबिनेट में पास होने के बाद अब सरकार इसको लेकर अध्यादेश ला सकती है। बाद में इसे विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। विधानसभा से पास होने के बाद प्रदेश का नया कानून बन जाएगा। उत्तराखंड, भूमि अतिक्रमण (निषेध) अध्यादेश में पहली बार निजी भूमि को भी शामिल किया गया है। नए कानून के तहत शिकायतकर्ता सीधे डीएम से इस तरह के मामलों की शिकायत कर सकेगा। डीएम की अध्यक्षता में राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित समिति प्रकरण की विवेचना पुलिस के निरीक्षक रैंक या उससे ऊपर के अधिकारी से कराएगी। कानून में पीड़ित व्यक्ति को राहत देते हुए भूमि अतिक्रमणकर्ता या आरोपी पर ही मालिकाना हक साबित करने का भार डाला गया है। आरोप सही साबित होने पर न्यूनतम सात वर्ष या अधिकतम 10 वर्ष तक कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। साथ ही अतिक्रमणकर्ता को ऐसी संपत्तियों के बाजार मूल्य के बराबर जुर्माने से भी दंडित किया जाएगा। नए कानून में पुराने कब्जों को भी शामिल करते हुए कार्रवाई की जा सकेगी। ऐसे मामलों के लिए विशेष न्यायालयों का गठन होगा। उत्तराखंड, भूमि अतिक्रमण (निषेध) अध्यादेश के तहत प्रदेश में भूमि अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य सरकार विशेष न्यायालयों का गठन करेगी। इनमें डीएम या डीएम की ओर से अधिकृत किसी अधिकारी की संस्तुति पर भूमि अतिक्रमण या हथियाने के प्रत्येक मामले का संज्ञान लेकर सुनवाई की जाएगी। इसके बाद न्यायाधीश की ओर से आदेश पारित किया जाएगा। हालांकि, विशेष न्यायालय के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील की जा सकेगी। व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह और निजी संस्था पर भी कार्रवाई होगी। यदि कोई व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह अथवा कोई संस्था किसी भी जमीन या संपत्ति पर धमकी, छल, बिना किसी कानूनी अधिकारी के बल पर कब्जा करते हैं या कब्जा करने का प्रयास करते हैं तो इसे भी अतिक्रमण की श्रेणी में माना जाएगा। इसके अलावा ऐसी भूमि को अवैध रूप से किराये अथवा पट्टे पर देने या कब्जे के लिए अनाधिकृत संरचनाओं का निर्माण करने पर नए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर फैसला करेगी समिति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस साल अक्टूबर में भारत में होने वाले विश्व कप में देश की क्रिकेट टीम की भागीदारी पर विचार करने के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय समिति का गठन किया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, समिति सभी प्रासंगिक कारकों पर गौर करने के बाद प्रधानमंत्री के विचार और अनुमोदन के लिए अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देगी।
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 27 जून को शरीफ को संबोधित अपने पत्र में सभी निर्धारित प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए एकदिवसीय विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के लिए आयोजकों को हरी झंडी देने से पहले संघीय सरकार की मंजूरी मांगी है। बिलावल की अध्यक्षता वाली समिति में आंतरिक मंत्री, कानून मंत्री, अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्री, सूचना और प्रसारण मंत्री, कश्मीर मामलों के सलाहकार, स्थापना सलाहकार, विदेश सचिव,



पीएसपीएम और खुफिया एजेंसियों तथा संवेदनशील विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति को अपनी बैठक आयोजित करने और विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर विचार करने के लिए अधिकृत किया गया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान आगामी विश्व कप में भारत में खेलने से मना कर सकता है और यह घोषणा कर सकता है कि वह अपने सभी मैच तटस्थ स्थानों पर खेलेगा। प्रधानमंत्री ने इस संवेदनशील मामले पर अपनी अंतिम मंजूरी के लिए समिति को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर द्वारा शरीफ को सीधे लिखे गए पत्र में बोर्ड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की भागीदारी के लिए मंजूरी मांगी है। वह चाहती है कि यदि सरकार इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए मंजूरी प्रदान करती है, तो वह पाकिस्तान टीम के निर्धारित मैचों के आयोजन स्थलों के संबंध में सलाह भी दे।

## भारतीय सेना के टैंकों की गड़गड़ाहट से गूंजा लद्दाख का आसमान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ट्रैंकों और बख्तरबंद वाहनों ने साथ शनिवार को लद्दाख में चीन सीमा के पास युद्धाभ्यास की. सेना टैंकों से घाटी गूंजने लगी. भारतीय सेना का ये युद्धाभ्यास चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों को एक चेतावनी की तरह है कि अगर भारत की तरफ आंख उठाने की गलती की तो तबाह कर दिए जाओगे. वैसे भी भारतीय सेना के जवान घाटी हो या फिर देश के बॉर्डर हर वक्त मुस्तैद रहते हैं और जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुहंतोड़ जवाब भी देते हैं. इसी मुस्तैदी को मजबूत करते के लिए भारतीय सेना के जवान समय-समय पर अभ्यास करते रहते हैं. इस बार भारतीय सेना के जवानों ने दुनिया की सबसे ऊंची नदी घाटियों में से एक सिंधु नदी को पार करने और दुश्मन के ठिकानों पर हमले करने के लिए पूर्वी लद्दाख में में युद्धाभ्यास किया. इस अभ्यास बड़ी संख्या में टैंक और बख्तरबंद वाहनों को शामिल किया गया. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, शनिवार को टी-90 और टी-72 टैंकों और बीएमपी पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों



समेत भारतीय सेना द्वारा शक्तिशाली टैंकों को सिंधु नदी को पार करने का विशेष अभ्यास किया. गौरतलब है कि सिंधु नदी पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले पूरे लद्दाख सेक्टर में होते हुए चीनी सेना द्वारा नियंत्रित तिब्बती क्षेत्र से होकर बहती है.
भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास आकस्मिक परिस्थितियों की तैयारी के लिए किए जाते हैं. बता दें कि भारतीय सेना दुनिया की उन चुनिंदा सेनाओं में से एक है जो 16,000 फीट तक की ऊंचाई पर और बड़ी संख्या में टैंकों का संचालन करती है. शनिवार को किए गए युद्धाभ्यास में ये साफ तौर पर देखा गया है कि भारतीय सेना हर तरह के हालातों से निपटने में सक्षम है. सिंधु नदी को पार करते भारतीय सेना के टैंक इस बात के गवाह बने. ये अभ्यास भारतीय सेना की उन तैयारियों का भी सबूत है जब दुश्मन भारतीय सीमा पर कब्जे की कोशिश करे तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके. बता दें कि भारतीय सेना ने लद्दाख में बड़ी संख्या में टैंक और बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों की तैनाती की है, ये कदम तब उठाया गया है जब चीनी सेना ने अपने प्रशिक्षण अभ्यास सैनिकों को हटाकर पूर्वी लद्दाख सेक्टर में आक्रामकता दिखाई. लद्दाख में बड़ी खुली घाटियों के चलते युद्ध के लिए टैंक बहुत अनुकूल हैं. पहले, भारतीय सेना पाकिस्तान के मोर्चे पर पंजाब सेक्टर में बड़े पैमाने पर इस तरह का अभ्यास करती थी. लेकिन अब लद्दाख में ऐसा अभ्यास कर भारतीय सेना ने दिखा दिया है कि वह किसी भी मोर्चे पर दुश्मन को पटखनी दे सकती है.

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी ने ली शिक्षा विभाग की बैठक

## तीखे तेवरों के साथ समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि शासन की योजनाओं का सही समय पर शिक्षा विभाग क्रियान्वयन नहीं करता शिक्षक समय पर नहीं मिलता विद्यालय समय से पहले बंद हो जाते हैं एवं शासन की योजनाओं का छात्रों को यदि लाभ नहीं मिलता तो संबंधित कर्मचारीअधिकारियों की जवाबदारी तय कर कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए संबंधित उत्तरदाई होंगे।

यदि मेरे भ्रमण के दौरान पाया जाता है की विद्यालयों का संचालन समय अनुसार नहीं हो रहा है अथवा मध्यान भोजन गुणवत्ता युक्त नहीं मिल रहा है तो संबंधित समूह के साथ साथ संस्था प्रधान पर भी कार्रवाई की जावेगी साथ ही पंचायत सचिव जीरो से 6 वर्ष तक के छात्रों की आईडी का निर्माण तत्काल करें जिससे छात्रों का विद्यालय में नामांकन हो सके विद्यालय का वातावरण ऐसा हो कि जहां छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी सीखें यदि विद्यालय पर अकारण कोई अनुपस्थित पाया जाता है अथवा बिना अवकाश आवेदन के अनुपस्थित पाया जाता है निलंबन की कार्यवाही की जावेगी इसलिए सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे और छात्रों को अध्यापन कार्य कराने के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्रों



को उपलब्ध करावे जिसमें की मुख्य रूप से पुस्तक वितरण गणवेश वितरण निशुल्क साइकिल वितरण समय सीमा में प्राप्त कर वितरण कराने का लक्ष्य निर्धारित कर रखें नामांकन में गिरावट आती है तो प्रधानाध्यापक के साथ साथबंधित कक्षाओं के कक्षा शिक्षक भी उत्तरदाई होंगे कोई भी छात्र प्रवेश से वंचित ना रहे इसका विशेष ध्यान दिया जावे! अनुपस्थित एवं लेट लतीफ विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए आतुर दिखे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी यदि मेरे भ्रमण के दौरान कोई भी शिक्षक अकारण अनुपस्थित मिला जो भी सख्त से सख्त कार्रवाई होगी की जावेगी जिसमें की वेतन काटने से लेकर निलंबन तक की कार्यवाही की जावेगी।

## खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 जुलाई को शिवपुरी में

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 जुलाई को शिवपुरी आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री



यशोधरा राजे सिंधिया 10 जुलाई को ग्वालियर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे शिवपुरी आएंगी और स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सायं 5.30 बजे शिवपुरी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली में जंतर मंतर पर दिया धरना, किया प्रदर्शनः जनक सिंह रावत



## भारी वर्षात के बीच डटे रहे कर्मच

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**दिल्ली।** पुरानी पेंशन के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा लामबंद होकर दिल्ली के जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया इसमें शिवपुरी से अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि भारी बरसात के बीच भी कर्मचारी अंतिम समय तक डटे रहे 8 जुलाई को दिल्ली के जंतर मंतर पर राज्यों एवं केंद्र सरकार के कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें दिल्ली में कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया और सरकार से मांग की गई कर्मचारी हित मै पुरानी पेंशन बहाल करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार है दिल्ली कर्मचारी यूनियन के नेता मनजीत पटेल के नेतृत्व में रेलवे, शिक्षा विभाग इनकम टैक्स स्वास्थ विभाग ऑर्डिनेंस के कर्मचारी एवं सभी विभागों के संगठनों द्वारा सहयोग किया गया मनजीत पटेल द्वारा स्पष्ट रूप से मंच पर सरकार को चेतावनी दी गई लोकसभा चुनाव से पहले कर्मचारियों की आत्मा पुरानी पेंशन को सरकार बहाल करें रेलवे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशांत पांड्या मुंबई से सेंकड़ो कर्मचारियों के साथ आए उन्होंने धरना प्रदर्शन में कहा कि पेंशन कोई भीख नहीं कर्मचारियों का सरकारी सेवा में दिए गए योगदान का प्रतिफल होती है देश के 70 लाख कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर देना चाहिए मैंने मुझसे कहा अब कर्मचारियों को तय कर लेना चाहिए हमने अब यह ठाना है पेंशन नहीं तो वोट नहीं संगठन के जनक सिंह रावत ने कहा हम पहले से ही मुहिम चला रहे हैं अबकी बार पेंशन वाली सरकार सभी कर्मचारी इस में सहयोग करें वर्तमान सरकार से अपेक्षा करते हैं चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाल कर दे अन्यथा हम घर-घर तक मुहिम को ले जाएंगे।



# घर में लड़ाई कर लड़की हो गई फरार, रात 10:00 बजे लड़की शहर दूर ग्राम मझेरा मैं मिली

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-जानकारी के अनुसार, करोंदी कालोनी की रहने वाली 22 साल की युवती ने बताया कि उसका अपनी बहन से झगड़ा हो गया था। इसी वजह से मैं शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब घर से निकल गई थी। वह पैदल-पैदल बांकड़े मंदिर की ओर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे चार युवक मिले जो उससे पूछने लगे कि जंगल में अकेली क्या कर रही हो, जंगल में शेर है। युवती ने बताया कि उससे चारों युवकों ने कहा कि हमारे साथ बाइक पर बैठकर चलो। जब मैंने साथ जाने से मना कर दिया तो युवकों ने मेरे साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। मैं जैसे तैसे चारों युवकों के चंगुल से बच कर भागी। चारों युवक मेरा पीछा करते रहे। इसी दौरान एक बुजुर्ग को आता देखा में कुछ दूर बुजुर्ग के पीछे-पीछे चलती रही। रात होने के चलते में रास्ता भटक गई और आदिवासी बस्ती में पहुंच गई।

युवती को मजेरा आदिवासी बस्ती में अकेला घूमता देख आदिवासी महिलाओं ने उसे रोक कर एक दुकान पर बैठा लिया और डायल 100 को इसकी सुचना दी। रात 10 बजे डायल 100 पायलेट के दीपेश यादव और हेड कॉन्स्टेबल 172 वीरेन शर्मा ने युवती से पूछताछ की तो युवती ने अपना पता दिया। इसके बाद डायल 100 का लड़की को सुरक्षित लेकर आए जहां फिजिकल थाना लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जहां जानकारी मिली कि लड़की को दो बार पहले भी घर से जा चुकी है और यह तीसरी बार है।

# स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया गया

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिवार जनो का किया गया सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रेषित पत्र में स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव÷ के संबंध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिवार जनो का सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु निर्देषित किया गया है, जिसके परिपालन में आज दिनांक 08/07/2023 को सेनानी 17 वी वाहिनी विसबल भिण्ड के निर्देशानुसार, एडज्यूटेन्ट 17 वीं वाहिनी विसबल भिण्ड के मार्गदर्शन में वाहिनी के बुद्धाहॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के एडज्यूटेन्ट वंशमणि मिश्रा, निरीक्षक प्रेमनारायण सराहिया, क्वार्टर मास्टर मेवालाल दोहरे, प्रभारी निरीक्षक मु.स. हितेन्द्र सिंह जादौन, सूबेदार मेजर



सौरभ सिंह भदौरिया, बैंक प्रभारी कृष्णा साहू (कार्यक्रम संचालक) बटालियन मेजर जितेन्द्र सिंह तोमर, धर्मवीर सिहं, रमांकात सिहं एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के सम्माननीय परिवार जन एवं सम्माननीय मीडिया कर्मी कार्यक्रम में सम्मलित हुये। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के परिवार जनो को शॉल एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया।

# अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ ने की प्रेस वार्ता, रखी मिडिया के माध्यम से कई विशेष मांग



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- कुछ दिन पहले शिवपुरी जिले की तहसील नरवर के दो युवकों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार करने वाले लोगों के खिलाफ जो कार्रवाई हुई, उससे संतुष्ट न होने पर दोनों युवको सहित अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ ने एसपी ऑफिस ज्ञापन देने के बाद भी प्रेस वार्ता रखकर अपनी विशेष मांग रखी। दरअसल पूरा मामला यह है कि विगत दिनों समाचार पत्र एवं अन्य न्यूज़ चैनलों के माध्यम से अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ को समाचार पत्र एवं अन्य न्यूज़ चैनलों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि शिवपुरी जिले के ग्राम नरवर के बरखेड़ी गांव के दो दलित युवक अनुज जाटव और संतोष केवट को गांव के कुछ कट्टरपंथी मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा दोनों युवकों के साथ अमानवीय कृत्य किया गया। जहां दलित युवकों का मुंह काला करके जूते चप्पल की माला पहना कर पिटाई करते हुए जुलूस पूरे गांव में निकाला बात यहीं तक नहीं रुकी आरोपियों ने मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना को भी अंजाम दिया और दोनों युवकों के मुंह में मल ठूंस दिया। जिसके विरोध में शिवपुरी आकर अखील भारतीय श्री बलाई महासंघ ने एसपी ऑफिस आकर ज्ञापन दिया जहां उन्होंने दोनों युवक को एक एक करोड़ रुपए का मुआवजा, अमानवीय कृत्य करने शेष अन्य लोगों पर बी एफ आई आर, एनएसए, अमानवीय कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ भी इसी प्रकार का जुलूस निकाला जाना चाहिए और जो मकान अतिक्रमण का तोड़कर बुलडोजर की कार्यवाही बताई है वहां सही मकान को तोड़कर बुलडोजर की कार्यवाही बताएं साथ ही सुरक्षा प्रदान की जाए ऐसी मांग अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ ने रखी।




# थाना ऊमरी प्रभारी रविंद्र शर्मा ने ली ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की बैठक

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरक्ति पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में व एसडीओपी मुख्यालय अरविंद शाह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा ने ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की मीटिंग ली। मीटिंग में सभी सदस्यों को सक्रिय रहकर कार्य करने पुलिस का सहयोग करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था संबंधी सूचनाएं थाने पर देने की सभी सदस्यों से की अपील की है। ग्राम रक्षा समिति सदस्यों का ऊमरी में नाईट गश्त, पैदल मार्च में पुलिस के साथ रखकर सहयोग लिया जाएगा। ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर ) बना कर पुलिस कार्यों में सहयोग लिया जायेगा। त्यौहारों, वीआईपी मूवमेंट, चुनाव ड्यूटी, गश्त, भ्रमण आदि कार्यो में लिया जायेगा ग्राम रक्षा समिति का सहयोग लिया जाता रहता है और आगे भी सहयोग लिया जाएगा। मीटिंग में थाना प्रभारी ऊमरी रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक विजय शिवहरे, ग्राम रक्षा समिति कैप्टन सुरेंद्र कुमार ओझा, अनाम दर्शी मसीह, चरण सिंह यादव, सुरेश कुमार दोहरे, जयदेव आर्य, हरिओम सिंह,सुदामा लाल, राजकुमार ओझा, नीरज आदि सम्मिलित हुए ।

# निजी भूमि पर वार्ड पार्षद द्वारा जबरजस्ती डलवा रहे सी. सी. रोड और भूमि मलिक से कर रहे गालीगलोच

## मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा परिवार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी के वार्ड 8 नवाब साहब रोड से है जहाँ वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा ने एक कुशवाह परिवार को अपनी भूमि मैं से आम रास्ता न देने पर पूरे परिवार को गंदी गंदी गालियां देने लगा मिली जानकारी के अनुसार नवाब साहब रोड पर एक भूमि सर्वे नं. 1154 व 1155 व 1157व 62 रकवा 8 विस्वा के लगभग है जिसमें आगे रोड की भूमि को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से किया गया है जिसकी रजिस्टरी कुशवाह परिवार के पास है। भूमि के पास में नाला बना हुआ है में नाले की तरफ भूमि मालिक



द्वारा 10 फीट की जगह छोड़ दी गई थी। लेकिन वार्ड का पार्षद प्रदीप शर्मा द्वारा अपने मिलने बालो को निकलने के लिये अवैध रूप से उक्त सर्वे नम्बर निजी भूमि से सी.सी. रोड का निर्माण करवा रहा है जिसके संबंध में पार्षद के घर जाकर संपूर्ण कागज बताये जा चुके है लेकिन इसके बाद भी जबरदस्ती निजी भूमि से रास्ता निलवाया रहा हैं जब भूमि मालिक द्वारा पार्षद व संबंधितों से कहा जा रहा है तो पार्षद प्रदीप शर्मा भूमि मालिक से लडाई झगडा कर गाली गलौच कर रहे है व गुण्डों को बुलवाकर मरवाने की व झूठे प्रकरण में फसवाने की धमकी दी जा रही है।

## अपराधिक किश्म का व्यक्ति हैः पार्षद प्रदीप शर्मा

### पार्षद प्रदीप शर्मा एक अपराधिक किश्म का व्यक्ति है

जिस पर धारा 302 का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है पार्षद प्रदीप शर्मा अभी अभी जमानत पर रिहा होकर आया है। पार्षद व उनके अन्य साथी भूमि मालिक के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते है या करवा सकते है या किसी झूठे प्रकरण में फसा सकते है। इसलिये इस प्रकार पार्षद द्वारा हमारी निजी भूमि से जबरदस्ती रास्ता बनाने के लिये व लडाई झगडा कर गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने के लिये कानूनी कार्यवाही की जाकर हमारी जान माल की रक्षा किये जाने का कष्ट करें । पार्षद एक राजनैतिक प्रभाव वाले व शक्तिशाली व्यक्ति है। उसलिये कुशवाह परिवार ने जाकर कोतवाली मैं आवेदन दिया।



पार्षद प्रदीप शर्मा

# शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना करैरा द्वारा एक स्कार्पियों में 36 पेटी अवैध शराब व एक मोटर सायकिल कुल कीमती 9,86,000 रु. सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**करैरा।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव को रोकने हेतु एवं अवैध शराब की धरपकड़ के लिये अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं स्डहक्ककरैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 08.07.2023 की रात्रि में थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सङ तरफ से एक काले रंग की स्कार्पियों जिसमें अवैध शराब भरी हुई है जो करैरा तरफ आ रही है तथा एक व्यक्ति काले रंग की स्पलेन्डर मो, सा. से स्कापियों के आगे आगे चलकर रैकी कर रहा है । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु फोर्स के साथ रवाना होकर ग्राम मछावली तिराहे पर चैकिंग लगाई गयी तभी कुछ देर बाद एक काले रंग की स्कार्पियों गाडी क्रमांक स्क्क09ष्ष्7008 आती दिखी तथा जिसके आगे आगे एक काले रंग की स्पलेन्डर मो0सा0 चल रही थी जिन्हे फोर्स की मदद से घेरा बंदी कर पकडा, स्कार्पियों गाडी में तीन व्यक्ति बैठे हुए थे, चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रविन्द्र रावत पुत्र महेश रावत उम्र 25 साल नि0 सतारी थाना जिगना जिला दतिया, तथा




दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम संदीप रावत पुत्र मातादीन रावत उम्र 19 साल नि0 सहिडा खुर्द थाना बडोनी जिला दतिया तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अरविन्द रावत पुत्र नन्ने सिंह रावत उम्र 24 साल नि0 ग्राम सङ थाना करैरा जिला शिवपुरी तथा मो0सा0 चालक ने अपना नाम गजेन्द्र बघेल पुत्र ख्याली बघेल उम्र 25 साल नि0 ग्राम बडगौर थाना बडोनी जिला दतिया का होना बताया, आरोपियों के कब्जे से स्कार्पियों गाडी में रखी 09 प्लास्टिक की बोरी, प्रत्येक बोरी में 04- 04 पेटी कुल 36 पेटी देशी प्लेन मदिरा, प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल 1800 क्वाटर कुल 324 बल्क लीटर कीमती 1,26,000 रुपये तथा स्कार्पियों गाडी कीमती 8,00,000 रुपये, व एक मो0सा0 कीमती 60,000 रुपये को जप्त किया गया । आरोपीगणो के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 448/23 पंजीबद्ध किया गया है ।

बरामद माल 01. एक स्कार्पियों गाड़ी क्रमांक एमपी, सीसी 097008 कीमती 08 लाख रुपये 02. एक बिना नम्बर की हीरो स्पलेन्डर मोटर सायकिल कीमती 60 हजार रुपये, 03. 36 पेटी देशी प्लेन मदिरा कुल क्वाटर कुल 1800 क्वाटर कीमती 1,26,000 रुपये, कुल माल मशरूका 9,86,000 रुपये। इनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि के0पी0 शर्मा, उनि पुनीत बाजपेयी, प्र0आर0 दुर्गाचरण शर्मा, आर0 सोनू श्रीवास्तव, आर0 संजीव श्रीवास्तव, आर0 अनूप कुमार, आर0 गोविन्द, आर0 ओमप्रकाश, आर0 सोनू पाण्डेय, आर0 नीरज कुमार, आर0 शिवराज, आर देवेन्द्र(सायवर सैल) ।



## लूट के आरोपियों को ईटावा तथा ग्वालियर सेन्ट्रल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई उमरी पुलिस

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

दिनांक 19 -05-22 को दोपहर 15=30 बजे के लगभग फरियादी देवेंद्र सिंह भदोरिया निवासी ग्राम बिहार थाना बिठौली जिला इटावा की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो क्क75स्6440 किनोट्टा बझाई रोड उमरी के पास एक अपाचे मोटरसाइकिल सवार चार लड़कों द्वारा ओवरटेक करके गाड़ी को रोक कर कट्टा सीने पर लगाकर फरियादी का रियल मी कंपनी का मोबाइल, 13000 रूपये नगदी, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा फरियादी की दादी के गले से मंगलसूत्र छीन लिया था । आपाचे स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार लुटेरे कनावर रोड की तरफ भाग गए थे । फरियादी की रिपोर्ट पर से फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना उमरी में अज्ञात चार आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 126/22 धारा 394भादवि 11,13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध किया गया था ।

दो आरोपियों को उमरी पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा कर उनके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल, मंगलसूत्र,घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा जप्त किया जा चुका है दो आरोपी जेल में थे, जिनमें से एक आरोपी अवैध हथियार रखने की अपराध में सेंट्रल जेल ग्वालियर में विरुद्ध था तथा एक आरोपी लूट के अपराध में इटावा जेल में निरुद्ध था, दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट जारी करा कर थाना उमरी पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर आई आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 10000 रुपए बरामद किए गए।

आरोपियों के नाम

1. सुजीत उर्फ सुरजीत जैन पुत्र संतोष जैन उम्र 19 साल निवासी राज टॉकीज के पास रसाल सिंह की गली भिंड थाना सिटी कोतवाली (आरोपी वर्तमान में अवैध हथियार सप्लाई के केस में 7 वर्ष की सजा में सेंट्रल जेल ग्वालियर में निरुद्ध)
2. अमित और पुच्ची चौरसिया पुत्र विनोद चौरसिया उम्र 19 साल निवासी रामसनेही डेरी के पास भिंड थाना सिटी कोतवाली (आरोपी इटावा में लूट के अपराध में निरुद्ध)

दोनो आरोपियों के विरुद्ध इटावा भिंड ग्वालियर में लूट के0 7-07 अपराध दर्ज हैं। थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक मलखान सिंह परिहार, आर संतोष जाट, आर जितेंद्र,राहुल की कार्यवाही।

## खरगोन शहर नगर पालिका द्वारा सफाई कामगारों को बरसादी कपड़े वितरण किया गया

जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे



**खरगोन।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 के खरगोन शहर अध्यक्ष रफीक खान द्वारा बार बार लिखित मौखिक रूप से नगर पालिका खरगोन के पदाधिकारियों को अवगत कराते रहे बारिश के मौसम में सफ़ाई कामगारों को काम करने में परेशानियां हो रही थी इसी दौरान ओर इस समस्या को लेकर नगर पालिका खरगोन अध्यक्ष छाया जोशी स्वच्छता विभाग से प्रकाश चित्ते। स्वस्थ समिति अध्यक्ष पुजा लक्की चौपड़ा द्वारा आज शनिवार को सफाई कामगारों के नगर अध्यक्ष रफीक खान हाजी जलली सहाब की उपस्थिति में सफ़ाई कामगारों को बरसादी कपड़े वितरण किया गया सफाई कामगारों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी लक्की चौपड़ा स्वस्थ विभाग स्वच्छता विभाग प्रकाश चित्ते का आभार माना गया सफाई कामगारों की समस्यायों को नगर अध्यक्ष रफीक खान द्वारा बार बार हार का के लिए ओर समस्या के लिए अवगत कराते रहे।

## गोकुल दास पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजली टुडे

**खरगोन।** प्रतिष्ठित संस्थान गोकुलदास पब्लिक स्कूल खरगोन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को सुरक्षा एवं देखभाल की जागरूकता के लिए साक्षरता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम मुख्?य अतिथि श्री जी सी मिश्रा जी जिला न्यायाधीश खरगोन, विशेष अतिथि श्रीमती प्रियंवदा शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट खरगोन, कु. साक्षी शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट खरगोन,श्री दीपेन्द्र स्वर्णकार यातायात प्रभारी खरगोन, श्रीमती वर्षा सोलंकी सब इंस्पेक्टर महिला थाना ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सरिता महाजन एवं प्राचार्य श्रीमती मंडला वेदवती ने पौधे भेंटकर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। श्रीमती वर्षा सोलंकी ने सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों एवं पास्को एक्ट के बारे में बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि लडकियों को विशेषकर इन अपराधों के प्रति जागरूक रहना चाहिए । यातायात प्रभारी श्री स्वर्णकार ने बच्चों को यातायात से संबंधित नियमों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया । कु. साक्षी शुक्ला ने लोक अदालत एवं विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी । श्रीमती प्रियंवदा शुक्ला ने विधिक सहायता के स्तरों, उद्देश्य, सहायता के प्रकारों से अवगत कराया । मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने बच्चों को बाल अपराध, नशा एवं बच्चों द्वारा होने वाले अन्य अपराधों को रोकने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए, यदि हमने अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन किया तो अपराधों में अपने आप कमीं आ जाएगी । बच्चे देश का भविष्य होते हैं इसलिए स्कूली बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिए विधिक साक्षरता शिविर यहाँ लगाया गया है । इस अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय खरगोन की सदस्य प्रिती वर्मा, नीलम ओमप्रकाश पगारे, परसराम गंधारे, रोहित मुजाल्दे सहित स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे । डायरेक्टर श्री अशोक महाजन द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शिक्षक श्री मनीष शुक्ला ने किया ।

## जीवन का सार ही प्रेम है, प्रेम से ही परमात्मा को पाया जा सकता है: संत महंत हरिदास

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा



बेंगलुरू। अग्रहार दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में रामदेव भक्त मंडल व सनातन धर्म के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास कार्यक्रम में संत महंत हरिदास महाराज ने प्रवचन में कहा की परम भक्त मीरा बाई की कथा कहते हुए संत हरिदास ने बताया कि मनुष्य के जीवन प्रेम ना हो तो मनुष्य का जीवन रेगिस्तान के जैसा नीरस है। प्रेम के बिना मनुष्य,मनुष्य होते हुए भी पशु के समान है ,साथ ही साथ संत हरिदास ने अपनी संस्कृति और संस्कारो पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जो समाज अपने संस्कृति और संस्कारो के प्रति निष्ठावान नही होता है जो समाज अपने संस्कार व संस्कृति को छोड़कर पश्चिमी संस्कृति की ओर भाग रहा है वो निश्चित ही पतन की ओर है । इसलिए मनुष्य को अपने धर्म के साथ साथ अपनी संस्कृति और संस्कार में भी निष्ठा रखनी चाहिए। आज के कार्यक्रम के लाभार्थी श्री रामदेव महिला मंडल अग्रहार दासरहल्ली रहे। वही अशोक कुमार जांगिड़ ,नरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रेम राज जांगिड़ ने व्यवस्था में सहयोग दिया ।

## जीतो जेबीएन व्यवसाइयों में उत्साह जगाता हैः प्रमोद बाफना

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** व्यक्ति की पहचान में उसके पेशे या व्यवसाय की सफलता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और व्यवसाय या पेशे में सफलता को चूमने के लिए अनेकों जतन करने पड़ते है। परंतु जीतो का जेबीएन एक ऐसा मंच है जहां पर सदस्यों को व्यावसायिक गठबंधन का एक सकारात्मक अवसर मिलता है जो व्यापारिक उन्नति के लिये अतिआवश्यक है। जीतो जेबीएन से व्यवसाइयो में न केवल मजबूत जुड़ाव बढ़ता है अपितु उनमे व्यावसायिक उत्साह को भी जगाता है। यह बात जीतो बैंगलुरु नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफ़ना ने जेबीएन टाइकूंस सदस्यों की बैठक के अवसर पर कही। होटल सेंग्रिला में आयोजित इस बैठक की शुरुआत नवकार स्मरण से हुई।जीबीएन टाइकूंस अध्यक्ष महावीर भंसाली ने सदस्यों तथा आमंत्रितों का स्वागत करते हुए कहा कि जेबीएन की बैठकों में सदस्यों को अपने उत्पादो को प्रस्तुत करने का तथा रेफरलो के माध्यम से व्यापार बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलता है जो जीतो का एक उल्लेखनीय कार्य है। जेबीएन टाइकूंस



उपाध्यक्ष दिनेश बाफ़ना के अनुसार प्रत्येक बैठक में लाखों रुपयों के व्यापारिक समझौते और सैकडो आपसी रेफ़रल होने से टाइकूंस अपने सदस्यों के लिये लाभदायक साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में उपस्थित 57 सदस्यों के बीच 129 रेफ़रल पास हुए तथा लगभग 41 लाख रुपयों का व्यापार हुआ। बैठक के दौरान नरेंद्र सकलेचा ने बैलेंस शीट को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया तथा व्यावसायिक निर्णय के आवश्यक ज्ञान को साझा किया। पंकज पितलिया ने अपने व्यावसायिक उत्पाद को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। जेबीएन टाइकूंस सचिव विकेश ने जेबीएन बैठकों, गतिविधियों एवं संचालन में जेबीएन सदस्यों से प्राप्त ज़बरदस्त फीडबैक को साझा किया। उन्होंने बताया कि सदस्यों के विचार उनकी संतुष्टि को दर्शाते है। बैठक के दौरान मेल्टिंग हर्ट्ज़ के अमरलाल को गेमीफिकेशन प्रस्तुति के लिये सम्मानित किया गया। जीतो बैंगलुरु नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार टाइकूंस की स्थापना से 3225 रेफरलो के माध्यम से लगभग 42 करोड़ का आपसी व्यापार हो चुका है जो जेबीएन सदस्यों के अभियान की शक्ति, ताकत एवं सफलता की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अपने स्कूल पहुंच सांसद चौधरी हुए भावुक, पुराने दिनों की यादों को विद्यार्थियों संग किया साझा

### सोजत और मारवाड़ जंक्शन में हुआ सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

पाली। सांसद खेल महाकुम्भ को आयोजन को लेकर राउमावि सोजत पहुंचे पाली सांसद



और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी भावूक हो उठे। अपनी भावूकता को सभी से साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कक्षा 9 व 10वीं की पड़ाई की। इन वर्षों में यहीं पर हॉस्टल में रहे। हमारे समय में पड़ाई को लेकर सभी गुरूजन बहुत ही सख्त हुआ करते थे। उस समय जमीन पर बैठकर पड़ाई होती थी। सांसद चौधरी ने कहा कि उनके आगे बड़ने में विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। हर विद्यार्थी को अपने विद्यालय एवं गुरूजनों के प्रति आदर भाव जीवन भर रखना चाहिए। यहां से निकलकर आप बड़े पदों पर सुशोभित हो या फिर खेल एवं किसी अन्य क्षेत्र में प्रसिद्ध हो जाए तो आपको वहां तक पहुंचने वाली और आपको सुदृड़ व योग्य बनाने वाले विद्यालय को नहीं भूले। जब भी मौका मिले, अपने स्कूल में जरूर आए और मेरी तरह आप भी बच्चों का हौसला अफजाई करें। इससे पूर्व सांसद चौधरी ने नगरपालिका क्षेत्र के स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ नगरपालिका भवन के सामने से लेकर राउमावि सोजत तक मैराथन दौड़ लगाई। इसके बाद विद्यालय के मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विजेताओं को सांसद चौधरी की ओर से पुरस्कार बांटे गए। इस अवसर पर सोजत विधायक शोभा चौहान ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में सांसद महोदय के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता से क्षेत्रीय बच्चों को बड़ा ही प्रोत्साहन मिल रहा है। विशेष रूप से बच्चियों की भागीदार देख बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस तरह देखा जाए तो इस खेल आयोजन ने ना केवल सोजत बल्कि संपूर्ण पाली लोकसभा के गांवों में पड़ने वाली बच्चियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का नया आत्मविश्वास दिया है।राउमा विद्यालय के परिसर में सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन हुआ। इसमें नगरपालिका क्षेत्र के हजारों बच्चों ने एक साथ भाग लिया। सांसद चौधरी के नेतृत्व हुए आयोजन में मिनी मैराथन, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं हुई। स्कूली खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी ने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बड़ाने उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है। ताकि आगे चलकर युवा प्रतिभाओं को राष्टीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में इस तरह की स्पर्धा के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं खेल प्रतिभाओं को आगे बड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगी। दोनों आयोजन में सोजत विधायक शोभा चौहान, नपा अध्यक्ष मंजू जुगल निकुंम, प्रधान धोबली देवी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत चौधरी, जिला शैलेष वर्मा, मण्डल अध्यक्ष नरपत सोलंकी, भंवर सैणचा, रमेश चौधरी, कमलेश माली, बाबूलाल मालवीय,



उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी, जिला मंत्री मोहन जाट, प्रफुल ओझा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिग्विजयसिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा, जिपस रूपसिंह रावत, संदीप सोनी, राकेश पंवार सहित सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय स्टॉफ और बड़ी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

छोटी छोटी से बात

# संविधान की समानता - कुबरी के दशमत को क्यूं नहीं मिली...!

भोपाल ■

सीधी जिले में कोल आदिवासी दशमत को बीजेपी नेता शुक्ल द्वारा जिस प्रकार अपमान किया गया क्या उसकी भरपाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा उनके चरण पखार कर की जा सकती है ? अथवा शुवपुरी में जिस प्रकार दलित समाज के युवक को मल में डुबो कर मार –मार कर बेइज़्ज़त किया वह भुक्तभोगी के मन से मिट सकता है ! शायद नहीं। दशमत को तो सरकार की ओर से 6.50 लाख रुपये की मदद मिली है यह उसके बेइज्जती का मुआवजा है क्या? तो फिर शिवपुरी के डाली को भी तो मिलना चाहिए ?

हक़ीक़त यह है कि जब सरकार का नेत्रत्व सिर्फ चुनाव जीतने को और सरकार बनाने को अपना अंतिम लक्ष्य बना लेता है - तब वह शासन करना भूल जाता है। फिर जनता को भरमाने के लिए तरह - तरह की लोक लुभावन घोषणाएं और नारे दिये जाते हैं। सरकारी खर्चे से बुलाई गयी भीड़ को राजनीतिक घुट्टी पिलाने की कोशिश होती है हर घोषणा पर भीड़ से हामी भरवाई जाती है। मसलन, बोलो भइयो होगा की नहीं, कुछ लोग आवाज़ देते है होगा। हाथ हिला - हिला कर हामी भरवाने की यह कला वास्तव नाजी नेता एडोल्फ हिटलर की थी। जब वह अपनी सोसलिस्ट पार्टी के समर्थन के लिए फैक्टरी और मिल के गेट पर – पाली खतम कर के जाते थके – हारे मजदूरों को उनके हक़ के लिए लड़ने का वादा करता था। उसी समय अपनी पालि (शिफ्ट) में जाने वालों का अभिवादन करता था। चूंकि शिफ्ट में पहुंचने की जल्दी में मज़दूर रहते थे तो वे भी अपने थके हारे मजदूर भाइयों के साथ उसके वादों के समर्थन में हाथ उठा देते थे बिना यह समझे कि क्या वास्तव में यह अपने वादे निभा पाएगा ? बिलकुल उसी तरह जिस प्रकार हमारे प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से – वादा किया था कि स्विस बैंको में भ्रष्ट कांग्रेसी नेताओं के बैंक खातों से धन लेकर आएंगे और इतना धन होगा कि हर भारतवासी के हिस्से में 15- 15 लाख रुपये आएंगे। क्या भीड़ से किया गया वह वादा पूरा हुआ !

फिर तो नौजवानों के लिए हर साल एक करोड़ नौकरियां, किसानों के लिए फसल के दुगने दाम का वादा क्या हुआ किसानों को अपने खेत और फसल बचाने के लिए महीनों दिल्ली का घेरा डालना पड़ा, पर आज तक तो कोई वादा नहीं पूरा हुआ। उल्टे नोटबंदी और कामबंदी के दौरान देश की माध्यम और निम्न आय वर्ग को जितनी मुश्किलों और तकलीफ़ों को सहना पड़ा उतना तो देश विभाजन में शायद सहना पड़ा हो।

कहने का तात्पर्य यह हैं कि डबल एंजन की सरकार राज्य में न तो कानून का राज्य स्थापित कर पायी है और अब बात कर रही है समान कानून संहिता की। हैं ना आश्चर्य की बात। मूल रूप से भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारत की पार्टी है। जिसका दक्षिण में कोई जनाधार नहीं है। कर्नाटक में धन बल और एंफोर्समेंट डिरेक्टोरेट की बदौलत तथा दल बदल से सरकार बनाई पर चुनाव में जनता ने बता दिया कि वह समाज में फूट डालने के खिलाफ है

मध्यप्रदेश की जनता ने भी आम चुनावों में बीजेपी को बहुमत नहीं दिया था परंतु थैलिशाहों की मदद से बीजेपी ने सरकार बनाई। वही ट्रिक महाराष्ट्र में हुआ और अब एनसीपी के भ्रष्ट नेताओं जिनको फडनवीस साहब ने चक्की पिसींग अँड पिसींग के लिए निशाना बनाया था, आज उन्हीं के साथ उप मुख्यमंत्री बने हुए हैं ! अब सत्ताधारी पार्टी में भाषण देते समय हाथ उठा- उठा कर और उंगली दिखा-दिखा कर विरोधियों को बेईमान और झूठा तथा देश विरोधी तक बता देने का कल्चर सा हो गया है।

जब मोदी जी ने भोपाल में कामन सिविल कोड की सुरी छोड़ी तब लगा कि सरकार कुछ असहज है, देश के राजनीतिक हालातों से । क्यूंकि तीन विधान सभा चुनावों मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ और राजस्थान में सिर्फ एमपी में ही डबल एंजन की सरकार है। बाकी दोनों राज्यों में काँग्रेस सरकारें हं। अब मध्यप्रदेश में सरकारों को अपना भविषय अनिश्चित लग रहा है। फलस्वरूप खजाने से रोज ब रोज मुख्य मंत्री नयी नयी घोषणाएं करते हैं। बेरोजगारों को नौकरिया और सरकारी नौकरियों में जो विसंगतियां थी उन्हें भी वेतन भत्ते बढ़ाकर दूर करने की कवायद हो रही है। पर बीजेपी के लोग सिविल कोड पर कुछ बोलने से कतराते हैं उनका बस एक ही नारा है – एक देश में एक विधान, जैसा की जम्मू काश्मीर के विभाजन के समय किया था। हिन्दू –हिन्दू खतरे में है का भय लोगों में भरा जा रहा है। पार्टी नेताओं को यह भी नहीं पता है कि हिन्दू विवाह अधिनियम में विवाह की तीन स्थितिया हैं -

1. निसिद्ध श्रेणी, इसके अन्तर्गत खून के संबंधों में विवाह वर्जित है, जैसे मौसी – बुआ ताई मामा आदि की संतानों में विवाह स्वीकार नहीं है। परंतु इस अधिनियम में यह भी व्यवस्था है कि यदि इन श्रेणियों में विवाह हुआ है तो संबन्धित पक्षों द्वारा ही आपत्ति की जा सकती।

2. निशिधात्मक संबंध इनमें यदि दोनों पक्षों के रीति – रिवाज में ऐसे विवाह होते रहे हैं तब उन पर आपति नहीं होगी। जैसे समाज के कुछ वर्गों में आट्टा साट्टा इसमें दो भाई –बहन एक दूसरे से बदल विवाह करते है।

अब इन प्रावधानों के बावजूद दक्षिण भारत में रक्त संबंधों में विवाह का प्रचालन आम है। उत्तर भारत में मामा और भांजी का विवाह न केवल वर्जित है वरन पाप है, परंतु दक्षिण में यह सर्वोतम विवाह है। केरल में मातर सत्तात्मक परिवार है, वहां वर को वधू के यहां रहना होता है –जिसे हम घर जमाई कहते है। संपत्ति की अधिकारी पुत्री होती है, कुछ जातियों में बड़ी और अन्य जातियो में सबसे छोटी पुत्री को विरासत मिलती है। अब बिना समझे एक कानून की बात करना तो समझदारी नहीं हो सकती।

# सनसनी के बीच मानसून सत्र

भोपाल ■

**भाजपा के चार नेता कहीं बैठ जाएं या किसी को दिल्ली बुला लिया जाए उसके बाद अटकलें का बाजार गर्म हो जाता है। पिछले दो माह से परिवर्तन की सनसनी बनी हुई है। कभी नेतृत्व परिवर्तन, कभी मंत्रिमंडल विस्तार, कभी पदाधिकारी का घटना-बढ़ाना और इसी सनसनी के बीच विधानसभा का मानसून सत्र 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है।**

दरअसल, राजनीति के घटनाक्रम को लेकर आम आदमी ने जिस तरह की जिज्ञासा होती है उसी के कारण अटकलों का बाजार गर्म होता है। कभी-कभी अटकलें सही भी साबित हो जाती है और कभी-कभी लंबा समय भी लेती है। इस कारण अटकलें पर जल्दी विराम नहीं लगता।

प्रदेश में जो अटकलें लगाई जा रही है उसमें अभी तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। अलबत्ता प्रदेश को चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी जरूर मिल गए हैं। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मध्यप्रदेश का चुनाव प्रभारी और अश्वनी वैष्णव को सह प्रभारी नियुक्त किया है। दोनों ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वसनीय माने जाते हैं। इस कारण यह भी माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय नेतृत्व की सीधी निगाहें प्रदेश की हर गतिविधि पर रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा दिल्ली में थे और उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलकर उन्हें बधाई दी एवं स्वागत किया।

बहरहाल, प्रदेश का विधानसभा का मानसून सत्र अब 11 जुलाई से प्रारंभ होगा। पहले 10 जुलाई से प्रारंभ होना था लेकिन 10 जुलाई को लाडली बहन योजना की दूसरी मासिक किस्त डाली जानी है। जिसका प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम इंदौर में होने जा रहा है। इस कारण सत्र एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। 15वीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है जिसमें मध्य प्रदेश में संसदीय उत्कृष्ट के लिए मंत्री और विधायकों को दिए जाने वाले पुरस्कार विधायक और मंत्रियों के परफॉर्मेंस के आधार पर दिए जाते थे लेकिन इस बार माइनस मार्किंग का भी प्रावधान रखा गया है। जिसमें सदन की गरिमा के विपरीत आचरण सभा की व्यवस्था एवं शांति की स्थापना में असहयोग करना और आसंदी द्वारा दी गई व्यवस्था पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने अवहेल न करने या उसे अनुचित ठहरने पर अब पांच अंक माइंस कर दिए जाएंगे। इस बार भी तीन उत्कृष्ट मंत्री और पांच उत्कृष्ट विधायकों का चयन किया जाना है जिसके लिए मंत्री और विधायकों के परफॉर्मेंस का आकलन शुरू कर दिया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सितारों शर्मा के अध्यक्षता वाली समिति में 80 अंक तय किए हैं।



11 जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र में सरकार हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ तीन विधायक भी ला रही है। चार निजी विश्वविद्यालयों को भी खोले जाने है जिसके लिए निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक लाया जाएगा। इसके साथ ही सरकार वित्त वर्ष 202324 का पहला एन पूरा बजट भी पेश करने वाली है यह बजट करीब 20000 करोड़ का होगा इसके लिए वियोग पेश किया जाएगा मानसून सत्र में 1600 से ज्यादा प्रश्न 19 स्थगन और 90 ध्यान आकर्षण प्रस्ताव आएंगे।

कुल मिलाकर राजनीतिक उठापटक और सनसनी के बीच जहां मध्य प्रदेश विधानसभा का सत्र 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। वहीं 20 जुलाई से लोकसभा का सत्र भी शुरू होगा। प्रदेश में विधानसभा का सत्र शुरू होने के पहले आज शाम को मुख्यमंत्री निवास पर मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सभी मंत्रियों को अपना अपना टिफिन लाना है बैठक के बाद सब मिल बैठकर खाना खाएंगे। चुनावी वर्ष में जिस तरह की राजनैतिक सर गर्मी चल रही है उसमें अभी भी अटकलें का बाजार गर्म है।

# श्रमशक्ति और उद्योग जगत के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना : मंत्री सिंधिया

**सीआईआई और मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना पर कार्यशाला**

भोपाल ■

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना ऐसी अभिनव पहल है, जिसका उद्योग जगत उत्साहपूर्वक स्वागत करेगा। कुशल श्रमबल और उद्योग जगत एक दूसरे के पूरक हैं और मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना इनके बीच संतुलन बनाने का एक प्रयास है। उद्योग जगत से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना और ग्लोबल स्किल पार्क को सफल बनाने के लिये सहयोग की अपील करते हुये श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में अच्छा श्रमबल है और यहाँ हड़ताल से एक भी कार्य दिवस बर्बाद नहीं हुआ है। शेयरधारकों के प्रति अपनी जवाबदेही के चलते उद्योग जगत को सर्वोत्तम सम्भव कोशल बल प्राप्त करना आवश्यक है। मुख्यंमंत्री सीखो-कमाओ योजना और ग्लोबल स्किल पार्क औद्योगिक क्षेत्र की मानव संसाधन की सतत आपूर्ति का एक प्रबल चेनल बन सकते हैं। श्रीमती सिंधिया शुक्रवार को मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में सीआईआई (कान्फिड्रेशन ऑफ इंडियन इन्डस्ट्रीज़) और मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।




मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बताया कि सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड एजुकेशनल सर्विसिस के सहयोग से भोपाल में 34 एकड़ में महत्वाकांक्षी ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है, जिसमें 6 हजार युवाओं को मेकाट्रानिक्स, ऑटोमेटिव टेक्नोलॉजी, प्रिसाइशन इंजिनियरिंग और नेटवर्क सिस्टम जैसे 09 क्षेत्रों में 60 उन्नत प्रयोगशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। पार्क में शैक्षणिक स्थान, छात्रावास और खेलकूद सुविधाओं के साथ-साथ उद्योग जगत को समर्पित अत्याधुनिक प्रशिक्षण लैब और उत्कृष्टता केन्द्र होंगे, जो प्रशिक्षणार्थियों को सीखने और कमाने के लिए समुचित पर्यावरण उपलब्ध करेंगे।

अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मनु श्रीवास्तव ने मुख्यमत्री सीखो-कमाओ योजना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। योजना से औद्योगिक संस्थानों को मिलने वाले लाभ के बारे में चर्चा करते हुये श्रीवास्तव ने बताया कि योजना में पंजीकृत छात्र-अभ्यर्थियों को शैक्षणिक अर्हता के आधार पर प्रतिमाह 8 हजार से 10 हजार रूपये का स्टायपेंड प्राप्त होगा, जिसका 75 प्रतिशत व्यय राज्य शासन वहन करेगी। किसी भी राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा यह सर्वाधिक समर्थन है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन बेरोजगारी भत्ते के पक्ष में नहीं है। एक छात्र-अभ्यर्थी पर उद्योग प्रतिष्ठानों को प्रतिवर्ष 90 हजार रूपये तक की बचत होगी। छात्र-अभ्यर्थी पर ईपीएफ अधिनियम, बोनस अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम लागू नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन स्किल मार्केट विकसित करना चाहता है, जिससे प्रशिक्षण उपरांत कम्पनियां अपनी आवश्यकता अनुरूप युवाओं को बिना किसी आरक्षण के नियोजित कर सकेंगी। योजना से संबंधित पोर्टल में अब तक एक लाख से अधिक युवाओं और 11 हजार से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने पंजीकरण करवाया है।

प्रश्नोत्तर सत्र में मारूति उद्योग, वर्धमान समूह, जेके टायर्स, जूबीलेंट फूडवर्कर, डब्ल्यूएनएस लिमिटेड, बीएसएं कॉरपोरेशन, एसआरएफ लिमिटेड, एचइजी लिमिटेड, ग्रीनको कंपनी के प्रतिनिधियों ने योजना के संदर्भ में अपने प्रस्ताव और सुझाव साझा किये।

संचालक कौशल विकास हरजिंदर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना युवाओं को उद्योग के लिये तैयार करने का सुनहरा अवसर है। साथ ही ग्लोबल स्किल पार्क कौशल विकास की गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने उद्योग जगत से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना और ग्लोबल स्किल पार्क में सहभागिता करने की अपील की।

# कांग्रेस सरकार आने पर सिख समाज के साथ न्याय किया जायेगा : कमलनाथ

भोपाल ■

सिख समाज जनसेवा के प्रति समर्पण भाव रखने वाला समाज है। इस समाज के लोग अपने त्यौहारों जैसे बेशाखी, लौहड़ी, सिख गुरू साहेबान के गुरूपर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं और बड़ी उत्सुकता के साथ बिना भेद-भाव के बड़े-बडे. लंगरों का आयोजन कर लोगों की सेवा पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से करते हैं। कांग्रेस सरकार आने पर उनकी मांगों को उनकी मांगों को दृष्टिगत रखते हुये सिख समाज के साथ न्याय किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज अपने निवास पर आयोजित सिख समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, विभिन्न जिलों से आये गुरूद्वारा साहेब के अध्यक्षगण, कमेटी मॅम्बर्स व समाजबंधुओं की संयुक्त बैठक को संबोधित किया।





कमलनाथ ने कहा कि चार महीने बाद विधानसभा के चुनाव होना है। भाजपा सरकार हर हथकंडे को अपनाकर आप लोगों को भ्रमित कर गुमराह करने का प्रयास करेगी। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कांग्रेस सरकार आने ने आप सभी की समस्याओं का ध्यान रखा जायेगा और आपकी जो भी मांगे हैं उसे कांग्रेस वचन में शामिल कर उसे पूरा किया जायेगा। आप सभी कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में पूरी निष्ठा से जुट जाये और किसी भ्रमजाल का शिकार न हो।

मप्र कांग्रेस कोमी एकता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सचप्रीत सिंह (सच सलूजा) ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये सिख समाज की ओर से विभिन्न समस्याओं को कमलनाथ जी के समक्ष अवगत कराया। बैठक में तीर्थ दर्शन में जोड़े गये सिख धार्मिक स्थलों की यात्रा पुनः प्रारंभ करने, प्रदेश के विभिन्न गुरुद्वारा साहेब को दी गई ग्रांट जो भाजपा सरकार ने रोक दी थी, उसे फिर से शुरु करने, ''खालसायी खेल गतका को स्कूल गेम्स में शामिल करने, सिख समुदाय के सिकलीगर बच्चों के लिए शिक्षा व स्किल डेवलपमेंट कोर्स शुरू करने, कांग्रेस संगठन में सिख समाज को हिस्सेदारी देने और आगामी चुनाव में सहभागिता व सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने और विभन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सिख समाज के सभी प्रतिनिधियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताक़त के साथ कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया। बैठक में इंदौर, जबलपुर, भोपाल ग्वालियर, ओबेदुल्लागंज, धार, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, सहित प्रदेश के विभिन्न ज़लों के सिख समाज के प्रतिनिधियों और वरिष्ठजनों के साथ ही इंदौर, बुरहानपुर, भोपाल के गुरुद्वारा साहेब के अध्यक्ष व कमेटी मेम्बर्स सहित बड़ी संख्या में सिख्ख समाज के समाजबंधु उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस के मोर्चा संगठनों की प्रभारी श्रीमती शोभा ओझा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जे. पी. धनोपिया, विधायक पी. सी शर्मा, विधायक आरिफ़ मसूद, सिख समाज के नरेन्द्र सिंह पांधे, दलवीर सिंह जस्सल, देवेन्द्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, टोनी छाबड़ा, हरविंदर सिंह धीर, परमजीत सिंह लाली सलूजा, प्रताप सिंह गुर, शैली कौर, बलविंदर कौर मान, तविंदर कौर गुजराल और जसवीर सिंह मारवा सहित सिख समाज के अन्य प्रतिनिधि व पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सिख समाज पदाधिकारी की श्रीमती पवित्र कौर ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

**राहुल ने पकडी है सत्य की कठिन राह, हम सब उनके साथ : कमलनाथ**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर आज गुजरात उच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि गांधी ने सत्य की कठिन राह पकड़ी है और इस संघर्ष में हम सभी उनके साथ हैं। कमलनाथ ने ट्वीट करते हुए कहा कि मानहानि केस में गांधी के विषय में गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद महात्मा गांधी का एक कथन याद आता है। बापू ने कहा था कि सत्य का मतलब सत्य बोलना मात्र नहीं है। सत्य का अर्थ है, सत्य की रक्षा के लिए सब कुछ दांव पर लगा देना और बड़ी से बड़ी कुर्बानी देकर भी सत्य से विचलित नहीं होना। उन्होंने कहा कि गांधी ने सत्य की ऐसी ही कठिन राह पकड़ी है। हम सब उनके साथ हैं। इतिहास गवाह है कि चाहे जितनी परेशानियां आएं, चाहे जितनी परीक्षाएं हों, चाहे जितने षड्यंत्र किए जाएं, लेकिन अंत में जीत सत्य की ही होती है।

**बसपा नेता रहे भगवान बडोले दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल**

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के समक्ष आज पूर्व कृषि मंत्री और कसरावद के विधायक सचिन यादव के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख नेता भगवान बड़ोले ने अपने दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कमलनाथ ने सभी को कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।

# रावतपुरा सरकार पर अमर्यादित टिप्पणी कर नेता प्रतिपक्ष ने दिखाया मानसिक दिवालियापनः पूर्व विधायक रसाल सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने लहार विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल संत शिरोमणि रावतपुरा सरकार रविशंकर महाराज के बारे में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह द्वारा की गई संत विरोधी बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर उन्होंने अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित किया है। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि इस तरह से संतों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविन्द सिंह ने कुछ दिन पूर्व अपने गृह ग्राम बैसपुरा में हो रहे रामायण पाठ को गलत बताते हुए कहा था कि मुझे रामायण की आवाज सुनकर बहुत तकलीफ होती है। सिर दर्द होने लगता है और सो नहीं पाता हूं। इसी प्रकार डॉक्टर गोविन्द सिंह ने पुनः इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर पवित्र धार्मिक स्थल श्री रावतपुरा सरकार एवं महंत श्री विभूषित रविशंकर महाराज के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि उन्होंने जो भ्रष्टाचार किए हैं। उनकी असलियत अब जनता के सामने आने वाली है। इसलिए बौखला कर उन्होंने संतो के बारे में जो टिप्पणी की है वह उनकी और कांग्रेस की संत विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। इसीलिए बौखला कर उन्होंने रावतपुरा सरकार और वहां के रामलला के बारे में जो अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस किया है। आगामी चुनाव में लहार क्षेत्र की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।



पूर्व विधायक सिंह ने कहा की रावतपुरा सरकार का देश को प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से सम्मान करती है, जहां भी जिस राज्य में उनके आश्रम चल रहे हैं, वहां समाज सेवा एवं शिक्षा तथा गरीब मजदूरों असहाय एवं पीड़ित समाज के उत्थान के पुनर्वास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा रावतपुरा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में श्री बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री जी की हनुमंत कथा चल रही थी उस समय भी उन्होंने अनर्गल प्रलाप कर संत और सनातन विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित किया था। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार के महंत रविशंकर दास महाराज पर जो कीचड़ उछालने का प्रयास किया है, वह पूर्णतः संत विरोधी है। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि नेता डॉ गोविन्द सिंह के इस बयान की जितनी भी भर्त्सना की जाए, वह कम है। मैं उनके इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

## शा. बालक प्राथमिक विद्यालय जामना के हेड मास्टर को किया गया निलंबित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल एवं लोक शिक्षण संघ भोपाल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में शैक्षणिक गुणवत्ता शत प्रतिशत किया जाना है। किशन शाक्य प्राथमिक शिक्षक शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय जामना के विरुद्ध ग्रामीण वासियों द्वारा शिकायत की गई जिसकी जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी भिंड एवं प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बाराकला द्वारा की गई जिसमें शाला में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गई छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर न्यूनतम पाया गया शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी भिंड द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2023/2745/2746 भिंड दिनांक 10 अप्रैल 2023 द्वारा विद्यालय की समस्या के निराकरण हेतु किशन शाक्य प्राथमिक शिक्षक शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय जामना का आसंजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हवलदार सिंह का पुरा में किया गया था किंतु किशन शाक्य प्राथमिक शिक्षक आज दिनांक तक आसंजित संस्था पर उपस्थित नहीं हुए हैं, जो उनकी गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है,आपके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना की गई है जिसके लिए किशन शाक्य को निलंबित किया गया है।

# पुलिस आरक्षक सुभाष तोमर की बहादुरी एवं सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा

## एसपी मनीष खत्री ने प्रशंसा कर मौजूद पुलिस टीम को नगद ईनाम से पुरुस्कृत किया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 8 जुलाई को हुकुम सिंह पुत्र गुरदयाल उम्र 52 वर्ष निवासी सरसई पुरा के घर पर खाना बनाते समय अचानक दुर्घटनावश गैस सिलेन्डर में आग लग गयी थी उस आग को फरियादी तथा अन्य लोगों के द्वारा बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं हो पाया तो फरियादी द्वारा थाना देहात को सूचना दी गयी। उक्त सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी देहात ने थाने पर उपस्थित पुलिस बल को तत्काल घटनास्थल पर पहुँचने हेतु रवाना किया। घटनास्थल पर गैस सिलेन्डर में लगी भीषण आग को आरक्षक सुभाष सिंह तोमर एवं मौजूद पुलिस बल द्वारा स्वयं की परवाह ना करते हुये अपनी सूझ-बूझ से गैस सिलेन्डर में लगी आग पर नियंत्रण कर उसे बुझाया गया जिससे कि घटना स्थल व आस-पास के घरों में मौजूद लोगों की जान-माल की रक्षा की जा सकी।



यदि समय रहते आग को काबू नहीं किया जाता तो बडा हादसा होने की पूर्ण सम्भावना थी । उक्त आग को नियंत्रण करने में आरक्षक सुभाष सिंह तोमर द्वारा स्वयं की जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा को प्राथमिक दायित्व समझते हुये अदम्य साहस का परिचय दिया जिसकी वहाँ मौजूद आमजन द्वारा काफी सराहना की गयी इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा आरक्षक के इस साहसिक कार्य की प्रशंसा करते हुये मौके पर मौजूद समस्त पुलिस टीम को नगद ईनाम से भी पुरुष्कृत किया गया है ।

# पटवारी ने पहले किया सीमांकन फिर पुनः किया तो बदल दी जमीन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी पटवारी ने पहले किया सीमांकन और फिर उसी जमीन का पुनः सीमांकन करके किसी अन्य के नाम पर बता दी। और हो गया विवाद, विवाद इतना बड़ गया की पटवारी जी नही दे रहे लिखित रिपोर्ट। दरअसल पूरा मामला शिवपुरी जिले के मितोजी खुर्द गांव का है जहां दिलीप राव जाधव ने कलेक्ट्रेट परिसर आकर शिकायत की जहां उसने अपनी जमीन पर हो रहे कब्जे को लेकर चल रहे विवाद की शिकायत कलेक्टर से की। जहां आपको बता दें कि ग्राम मितोजी खुर्द निवासी दिलीप राव जाधव जो कि 40 साल से जमीन को खेती किसानी करके अपना जीवन यापन कर रहा है। जहां उसने बताया कि उसका सर्वे नंबर 710 में एक कुआं है जिसको अवेध रूप से शंकर जाटव, सोमा के चारों लड़के और उनके रिश्तेदारों द्वारा दबंगई करके उसके सर्वे नंबर 710 मैं से कुआं वाली जमीन को स्वयं की बताकर कब्ज़ा कर रहे है।लेकिन उसी भूमि में बोई हुई उड़द और कद्दू की फसल की बेलो को नष्ट करके चले गए जिसमे लगभग लाखों रुपए का नुकसान हुआ। जब इसका विरोध किया तो लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी से हमला करने लगे।जब जिसकी शिकायत तेंदुआ थाना में की तो थाना प्रभारी मनीष जादौन ने दोनो पक्षों को बुलाकर सीमांकन करने की बात कई, और जिसकी भी भूमि निकलेगी उसको भूमि दिलाकर अन्य कब्जेधारी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जब इस मामले में पटवारी गजेंद्र गुर्जर से बात करना चाही तो उनसे संपर्क नही मिला।



# पुलिस चौकी लुकवासा थाना कोलारस द्वारा 18 कट्टे सोयाबीन बीज लूट मामले का खुलासा करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा हुया माल किया बरामद

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 02- 03.07.2023 की रात्रि करीबन 03 बजे अज्ञात चार बदमाशो द्वारा श्रीकिशन पुत्र नथुआ परिहार उम्र 65 साल निवासी डोंडायाई के रोड किनारे खेत पर बनी दुकान की शटर तोड़कर एवं श्रीकिशन परिहार की मारपीट कर दूकान मे रखा सोयबीन का बीज 18 कटटे लूट कर नीले रगं के तीन पहिया लोडिंग वाहन मे रखकर ले गये थे । उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस चौकी लुकवासी थाना कोलारस पर अपराध क्रं 210/23 धारा 394 भादवि 11 एमपीडीव्हीक एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अपराध का खुलासा कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया एवं श्रीमान एसडीओपी कोलारस के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोलारस के नेतृत्व मे अज्ञात आरोपियों की पतारसी की गई तो मुखबिर सूचना पर से आरोपीगण राजू कुशवाह पुत्र श्रीकिशन कुशवाह उम्र 25 साल निवासी गुरूवार के पास कोलारस , गोदा जाटव? पुत्र फतूरा जाटव उम्र 35 साल निवासी चक्क भडोता ,03- अशोक आदिवासी पुत्र मेहरबान आदिवासी उम्र 25 साल निवासी कोलेज के पीछे राई रोड कोलारस को गिर0 कर घटना मे लूटे गये सोयबीन के 18 कटटे एवं घटना मे प्रयुक्त नीले रगं का तीन पहिया लोडिंग क्रं एमपी 33 एल 3068 जप्त किया गया । प्रकरण मे आरोपी रामपाल लोधी पुत्र मनीराम लोधी उम्र 25 साल निवासी कालेज के पास राई रोड कोलारस की गिर शेष है जिसकी तलाफ पुलिस द्वारा की जा रही है।




उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी लुकवासा उप निरी हुकुम सिंह मीणा, प्र आर नीतू सिंह, आर 868 युधिष्ठर रघुवंशी आर 391 राहूल परिहार, आर 893 सुनील आर 925 वलबीर सिंह आर 90 परवेन्द्र रावत आर 713 दिग्विजिय प्र आर 294 विशाल परिहार एवं सायवर सेल के प्र आर देवेन्द्र सेन की सराहनीय भूमिका रही ।

# जैन संत आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की बर्बर हत्या

### जैन समाज में शोक की लहर

मुरेना। दिगम्बर जैन संत श्री कामकुमार नंदी मुनि महाराज की कर्नाटक के हीरा हीरेखोड़ी गांव में बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि दिगम्बर जैनाचार्य श्री 108 कामकुमार नंदी जी मुनि महाराज ने कर्नाटक प्रांत में चिक्कोडी तालुक के हीराखोड़ी गांव में विगत 15 वर्षो वहीं नजदीकी पहाड़ी के नंदी पर्वत पर एक पार्श्वनाथ जैन मंदिर और आश्रम का निर्माण करा रहे थे । उनका अधिकांशतः प्रवास भी यही होता था । वर्षायोग हेतु पूज्य आचार्य श्री इसी आश्रम में विराजमान थे । 05 जुलाई की शाम आचार्य श्री अचानक लापता हो गये। काफी तलाश करने पर भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो प्रातः पुलिस को सूचित किया गया । पुलिस द्वारा तलाश करने पर कुछ दूरी पर आचार्य श्री का कमंडलू पड़ा मिला । पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो लोगो को गिरफ्तार किया । उन्होंने जैन मुनि अपहरण एवम हत्या करना स्वीकार किया है । हत्यारों ने जैन संत की हत्या के बाद उनके शरीर के टुकड़े करके फैंक दीए। पुलिस ने शरीर के कुछ अंग बरामद किए हैं शेष अंग की तलाश की जा रही हैं । मुरेना जैन समाज को जैसे ही मुनिश्री की हत्या का समाचार मिला, स्तंभित रह गए । खबर मिलते ही सभी लोगो में हत्यारों के प्रति भरी रोष देखा गया। श्री पार्श्वनाथ जैन बड़ा मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष अभिषेक जैन टीटू, अतिशय क्षेत्र टिकटौली के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, अतिशय क्षेत्र सिहोनिया के संरक्षक आशीष जैन सोनू, ज्ञानतीर्थ परिवार से विजय जैन सहित सभी लोगों ने इस हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं जाने की मांग की है एवम भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो इसके लिए कठोर कदम उठाये जाए।

# न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी ने एक्सीडेंट करने वाले कार चालक पर किया 9,000 रुपये का जुर्माना

### कार चालक ने लापरवाही से कार चलाकर किया था युवक को गंभीर रूप से घायल किया था

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर। दिनांक 4/7/23को फरियादी हरभजन सिंह राजपूत निवासी हरीनगर ने रिपोर्ट की थी कि दिनांक 1/7/23 को उसका पुत्र धनंजय उम्र 23 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल नंबर33-0105 से माताटीला डैम जा रहा था ।पुराने डाक बंगला के सामने आम रोड मारुति स्विफ्ट कार नंबर 947404 के चालक ने कार को लापरवाही व उतावलेपन से चलाकर टक्कर मारकर धनंजय को गंभीर रूप से घायल किया ।उसके सिर हाथ पैर में चोंट आई जिसका करीब चार-पांच दिन उपचार झांसी हॉस्पिटल में चला व उसके सिर में भी सीटी स्कैन रिपोर्ट में फैक्चर आया ।पुलिस थाना पिछोर ने अपराध क्रमांक 342/23 धारा धारा 279 ,337, 338 आईपीसी पंजीबद्ध कर घटना घटित करने वाली कार के चालक हरषेन्द्र सिंह परमार उर्फ सत्यम निवासी सेरबास थाना तालबेहट जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश के कब्जे से जप्त की व उसके विरुद्ध माननीय न्यायालय अमनदीप सिंह छावड़ा जीएमएफसी पिछोर के समक्ष पेश किया जिसमें माननीय न्यायालय ने कार चालक हरषेन्द्र सिहं परमार पर 9000 रुपए का जुर्माना किया व न्यायालय उठने तक की सजा दी। अपराध का निराकरण मात्र 3 दिन के अंदर किया व सजा न्यायालय में कराई । प्रकरण की विवेचना,स्ढ्शैलेंद्र सिंह चौहान ने की व आरक्षक प्रदीप कौरव द्वारा चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया।







# अम्बाह पुलिस कारवाही हत्या के अपराध में 03 हजार का इनामी दबोचा

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मुरैना जिले में गम्भीर अपराधो मे फरार आरोपियो की धरपकड एवं उनके शीघ्र निराकरण हेतु चलाये जा रहे है अभियान के अन्तर्गत अति. पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया जी के निर्देशन में तथा एसडीओपी अम्बाह परिमाल सिंह मैहरा जी के मार्गदर्शन में घटना दिनांक 02/06/23 की रात्रि मे ग्राम लक्ष्मण पुरा अम्बाह के पास रामनाथ सिहं गुर्जर के खेत पर बनी तिवरिया पर बनवारी पुत्र तोताराम सखवार उम्र 50 साल निवासी ग्राम हिंगावली अम्बाह की हत्या कर मृतक बनवारी सखवार की लाश को वहीं थोडी दूरी पर नहर के बम्बा के पास ले जाकर जलाया गया था। उक्त घटना क्रम को अंजाम देने वाले दो आरोपियों के विरूध्द थाना अम्बाह पुलिस द्वारा अपराध क्र. 364/23 धारा 302, 201, 34 ताहि, का कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा उक्त अपराध घटना दिनांक से ही फरार चले रहे आरोपी को दिनांक 07/07/23 की रात्रि में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 03 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उक्ति कारबाही प्रभारी निरीक्षक पारथ सिह परिहार उपनिरी. जितेन्द्र शर्मा व बिबेक तोमर व बिबेक शर्मा एचसीएम बसंन्त साहू आर. जोगेन्द्र भदौ., आर. सतेन्द्र गुर्जर, आर. नरेंद्र मौर्य, आर. पुष्पेन्द्र राजावत, आर., धर्मेन्द्र राठौड़, आर. ड्राइवर धर्मेन्द्र परमार की अहम भूमिका रही।

# सत्ताधारी दल के नेता/कार्यकर्ता सत्ता के मद में मदान्ध होकर अत्याचार करने पर आमदाः डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है,कि सीधी जिले के कुबरी में आदिवासी युवक दशमत रावत के ऊपर पेशाब करने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि तब तक विदिशा जिले के नटेरन थाने के दुपरिया गांव में भाजपा के नेताओं द्वारा छेड़छाड़ करने पर रक्षा गोस्वामी ने दो माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी। मृतका के सुसाइड नोट के बाद भी आरोपियों पर प्रकरण कायम न किये जाने एवं आरोपियों की धमकी से त्रस्त होकर दिनांक 7 जुलाई, 2023 को मृतका के पिता ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दिनांक 6 जुलाई 2023 की रात्रि में उज्जैन जिले के महाकाल थाना क्षेत्र के नागतलाई-कुत्ता बाबड़ी क्षेत्र में पूजा नामक गर्भवती युवती जो कि थाने में अपने पति को देखने गई थी तो वहां मौजूद उपनिरीक्षक गोपाल सिंह ने उसे चांटे मारे एवं अपशब्द कहकर थाने से धक्का देकर भगा दिया । पुलिस रेंज शहडोल के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ की युवती के साथ सामूहिक दुष्कृत्य किया गया था। जिसकी शिकायत थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक किये जाने के बाद भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, बल्कि पुलिस मामला रफा-दफा करने के लिए फरियादी पर दबाव बना रही थी, जिससे आहत होकर पीड़ित महिला ने आत्महत्या कर ली। अनूपपुर जिले में ही असत्य प्रकरण में पुलिस की प्रताड़ना से तंग होकर एक पुजारी ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। इंदौर जिले के खुडैल में दिनांक 06 जुलाई 2023 को 12 बर्षीय नाबालिग आदिवासी छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।



डॉ. सिंह ने कहा कि बीते रोज गुना जिले के बम्होरी विधानसभा के धरनावदा थाना अंतर्गत ग्राम सुहाया में पंचायत चुनाव के दौरान वोट के बदले नोट देने के बाद भी चुनाव हारने पर एक आदिवासी महिला से जबरन पैसे वसूलने पर आदिवासी महिला लक्ष्मी बाई को आत्महत्या करने को मजबूर होना पड़ा। डॉ. सिंह ने कहा कि इसी तरह ग्वालियर में तलवे चटवाने की घटना सामने आई है। भाजपा सरकार में पुलिस व प्रशासन इतने निरंकुश हो गए हैं,कि घटना के बाद कायमी भी नही कर रहे हैं। ये तो निर्लज्जता की पराकाष्ठा है। आदिवासी एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लोग प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था त्रस्त है। जबकि मुख्यमंत्री अपना इवेंट कार्यक्रम कराकर प्रदेश की जनता का ध्यान हटाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने आगे कहा है कि मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिये।

## सार समाचार

### गंडास डेनमार्क ओपन में 72वें स्थान पर

**फोर्सो,** । भारत के मनु गंडास हिमरलेंड गोल्फ टूर्नामेंट में दो ओवर 72 के स्कोर के साथ 52वें स्थान पर रहे। गंडास ने तीन बर्डी लगाये, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकइंटायर ने दो स्ट्रोक्स की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड के रोस फिशर तीन खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ग्रैंड शतरंज टूर: आनंद का औसत प्रदर्शन, गुकेश जीते

**जगरेब,** । भारतीय धुरंधर विश्वनाथन आनंद ने सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दिन एक बाजी जीती, एक ड्रॉ खेली और एक गंवाई। आनंद ने चौथे दौर में इवान सारिच को हराया लेकिन उसके बाद फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से हार गए। आनंद के हमवतन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश दो जीत और एक ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश ने कॉन्स्टेंटिन लुपुलेस्कू और सारिच को हराने के बाद रिचर्ड रैपोर्ट से ड्रॉ खेला। दूसरे दिन के बाद इयान नेपोम्नियाची और कारूआना के साथ आनंद आठ अंक लेकर शीर्ष पर हैं। दूसरे स्थान पर गुकेश और जान क्रिस्टोफ डुडा हैं जिनके सात अंक हैं। कार्लसन ने दूसरे दिन कारूआना और फिरोजा के खिलाफ पराजय का सामना किया लेकिन आनंद को हराया।

### अटवाल संयुक्त 89वें स्थान पर

**सिल्विस,** । भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल जॉन डीयरे क्लासिक के पहले दौर में इवन पार 71 का स्कोर करके संयुक्त 89वें स्थान पर रहे और अब उन्हें कट में प्रवेश के लिये दूसरे दौर में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस साल सीनियर टूर से जुड़े अटवाल पीजीए टूर पर सफलता हासिल करने वाले इकलौते भारतीय गोल्फर हैं। जॉन ब्लिक्स्ट ने नौ अंडर 62 के सकोर के साथ ग्रेसन मर्रे पर दो शॉट की बढ़त बना ली है।

### एशियाई खेलों के लिये भारत की टीटी टीम घोषित

**नई दिल्ली** । कोरिया के पेयोंगचांग में तीन सितंबर से शुरू होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और चीन के हांगझोउ में 24 सितंबर से खेले जाने वाले एशियाई खेलों के लिये भारत की पुरूष एवं महिला टेबल टेनिस टीमों की घोषणा कर दी गयी है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने 26वीं एशियाई चैंपियनशिप और 19वें एशियाई खेलों के लिये टेबल टेनिस टीम की घोषणा की। शरत कमल दोनो ही प्रतियोगिताओं में पुरूष टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि महिला टीम की कमान मनिका बत्रा के हाथों में होगी। पिछले एशियाई खेलों में भारत ने पुरुष और मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता था। भारतीयों की निगाहें इस साल पहले से बेहतर प्रदर्शन की होगी।

# दलीप ट्रॉफी: पुजारा की शतकीय पारी से पश्चिम क्षेत्र ने बनाई बड़ी बढ़त

**पुजारा के बूते टीम ने नौ विकेट पर 292 रन बनाकर कुल 384 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली।**

**अलूर ■** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की शतकीय पारी के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति पर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पुजारा की 278 गेंद में 133 रन के बूते टीम ने बारिश से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 292 रन बनाकर कुल 384 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली।



पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 149 रन पर की। उस समय पुजारा 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 366 मिनट की पारी में 278 गेंदों का सामना किया है और इस दौरान 14 चौके तथा एक छक्का लगाया। मध्य क्षेत्र ने दिन के पहले ही ओवर में सरफराज खान को पवेलियन की राह दिखाकर दिन की अच्छी शुरुआत की। सरफराज बीते दिन के अपने छह रन के स्कोर में बिना कोई इजाफा किये खब्बू स्पिनर सोरभ कुमार की गेंद पर विकेटकीपर उपेंद्र यादव को कैच थमा बैठे।इसके बाद विकेटकीपर हेत पटेल (27) ने पांचवें विकेट के लिए पुजारा के साथ 47 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इस दौरान संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और सिर्फ वैसी ही गेंदों पर रन बनाये जो कमजोर थी। उन्होंने दिन के पहले सत्र में 102 गेंद बल्लेबाजी की और तीन चौके की मदद से 42 रन जोड़े।

लंच के बाद दिन के दूसरे सत्र में उन्होंने सौरभ के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर प्रथम श्रेणी में अपना 60वां शतक पूरा किया। तीन अंक के आंकड़े में पहुंचने के बाद पुजारा ने स्वछंद बल्लेबाजी की और सौरभ तथा ऑफ स्पिनर सारांश जैन के खिलाफ कुछ शानदार प्रहार कर भारतीय टीम से बाहर होने की टीस निकाली। सौरभ के खिलाफ कलाई के इस्तेमाल से छक्का लगाकर उन्होंने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। टीम एक छोर से विकेट गंवा रही थी लेकिन पुजारा दूसरे छोर पर डटे रहे। वह दिन के आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन लेकर स्ट्राइक अपने पास रखने की कोशिश में रन आउट हो गये। मध्य क्षेत्र के लिए सोरभ ने चार और सारांश ने तीन विकेट लिये। तेज गेंदबाज यश ठाकुर को एक सफलता मिली।

#### दक्षिण क्षेत्र को मिला 215 रन का लक्ष्य

तेज गेंदबाज वी विजयकुमार के पांच विकेट से दूसरी पारी में उत्तर क्षेत्र का मध्यक्रम चरमरा गया जिससे दक्षिण क्षेत्र को शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी सेमीफाइनल में तीसरे दिन जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला। स्टंप तक दक्षिण क्षेत्र ने बिना विकेट गंवाये 21 रन बना लिये थे। उसके सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन तीन और अनुभवी मयंक अग्रवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। सुबह उत्तर क्षेत्र ने तीन विकेट पर 146 रन के स्कोर से खेलना शुरु किया जिसके बाद विजयकुमार ने पुरानी गेंद से कहर बरपा दिया और टीम का स्कोर आठ विकेट पर 171 रन हो गया।

बारिश से प्रभावित तीसरे दिन उत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी 56.4 ओवर में महज 211 रन पर सिमट गयी। कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वत कावेरप्पा (47 रन देकर दो विकेट) ने अंकित कलसी को स्टंप के पीछे आउट रिकी भुई को कैच आउट कराया। प्रतिभाशाली प्रभसिमरन सिंह (93 गेंद में 63 रन) और हरियाणा के अंकित कुमार (29 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की भागीदारी निभाकर टीम को संभाला।

उत्तर की टीम 150 रन की कुल बढ़त बनाने के करीब थी कि विजयकुमार ने पुरानी गेंद से मैच का रूख बदलने वाला स्पेल डाला। उन्होंने प्रभसिमरन को आउट करने के बाद जयंत यादव और पुलकित नारंग को तीन गेंद के अंदर पवेलियन लौटा दिया। कुछ ओवर बाद खतरनाक दिख रहे निशांत सिंधू आउट हुए जिससे उत्तर की वापसी की राह मुश्किल हो गयी। हर्षित राणा (36 गेंद में 38 रन) ने टीम को 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभायी।

# रुब्लेव तीसरे दौर में पहुंचे, ब्रॉडी ने रूड को हराया

**लंदन ■** सातवीं वरीयता प्राप्त अन्द्रेई रुब्लेव ने यहां अपने 50वें ग्रैंड स्लेम मैच की जीत के लिए असलान करातसेव को 6-7(4), 6-3, 6-4, 7-5 से हराया और गुरुवार को विंबलडन के तीसरे दौर में प्रवेश किया।



रुब्लेव ने पहला सेट हारने के बाद अच्छी वापसी करते हुए कोर्ट 2 पर दुनिया के 50वें नंबर के करात्सेव के खिलाफ दूसरे दौर में दो घंटे, 52 मिनट में जीत हासिल की। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में एकमात्र सर्विस ब्रेक हासिल किया और तीसरे सेट में देर से सर्विस में हुई गड़बड़ी पर काबू पाकर जोड़ी की एटीपी हेड टू हेड सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

चौथे सेट में 5-4 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस करते समय करातसेव ने रूसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़ दी, लेकिन दूसरी बार 6-5 के स्कोर पर उन्होंने कोई गलती नहीं की और विंबलडन में दूसरी बार तीसरे दौर में पहुंच गए। ग्रास-कोर्ट मेजर में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी, वाइल्ड कार्ड डेविड गोफिन या क्वालीफायर मार्सेलो टॉमस बेरियोस वेरा होंगे।

रुब्लेव 2021 में चौथे दौर में पहुंचे थे। दूसरी ओर, चौथी वरीयता प्राप्त केस्पर रूड घरेलू वाइल्ड कार्ड लियाम ब्रॉडी से प्रेरित सेंटर कोर्ट प्रदर्शन के बाद तीसरे दौर में अपने साथी शीर्ष 10 स्टार रुब्लेव के साथ शामिल होने में असमर्थ रहे।

ब्रिटिश खिलाड़ी ने अंतिम दो सेटों में शानदार प्रदर्शन करके घरेलू प्रशंसकों को खुश करते हुए 6-4, 3-6, 4-6, 6-3, 6-0 से जीत हासिल की और लगातार दूसरे साल तीसरे दौर में पहुंच गए।

ब्रॉडी ने एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 5 में एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपने दूसरे मैच में अपने बेहतर ग्रास-कोर्ट अनुभव का फायदा उठाया। वह बेसलाइन से मजबूत बने रहे और नेट पर 72 प्रतिशत (38/53) अंक जीतकर तीन घंटे, 27 मिनट में जीत हासिल की। उनका 26वीं वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर में मुकाबला होगा।

इस बीच, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी गुरुवार को जीत का स्वाद चखा। जवेरेव अंततः ऑल इंग्लैंड क्लब में लंबे समय से विलंबित ओपनर को पूरा करने के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए।

19वीं वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने इस साल चैंपियनशिप में अपनी पहली उपस्थिति से प्रभावित किया। उन्होंने डचमैन गिज्स ब्रूवर को 6-4, 7-6(4), 7-6(5) से हराकर सात विंबलडन मुकाबलों में छठी बार दूसरे दौर में प्रवेश किया। 26 वर्षीय जर्मन, जो 2017 और 2021 में चौथे दौर में पहुंचे, उनका अगला मुकाबला योसुके वतनुकी से होगा, जिन्होंने मार्क-एंड्रिया ह्युस्लर को 6-7(5), 5-7, 7-6(5), 7-6(3), 6-3 से हराया।

# अहमदाबाद मैच को अतिरिक्त महत्व नहीं दे रहे बाबर आजम

**लाहौर ■** वनडे विश्व कप में 15 अक्टूबर को भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबले के बारे में बात करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि उनकी टीम का ध्यान केवल अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने पर नहीं बल्कि टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों पर है। जबकि पाकिस्तान को उम्मीद है कि वह अपनी दूसरी विश्व कप ट्रॉफी को 1992 में ऑस्ट्रेलिया में जीती गई ट्रॉफी में जोड़ देगा, बाबर ने कहा कि अगर उनकी टीम को जीत हासिल करनी है तो उन्हें छह सप्ताह के टूर्नामेंट के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की विज्ञप्ति के अनुसार, बाबर ने कहा,हम विश्व कप खेलने जा रहे हैं और केवल भारत के खिलाफ ही नहीं खेलेंगे। आठ अन्य टीमें हैं और यह केवल भारत की बात नहीं है और अगर हम उन्हें हरा देंगे तो ही हम फाइनल में पहुंचेंगे। हम केवल एक टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, हम टूर्नामेंट में अन्य सभी टीमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी योजना यह है हमें उन सभी के खिलाफ अच्छा खेलना होगा और उनके खिलाफ जीतना होगा।

बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को विश्व कप के दौरान पांच अलग-अलग शहरों में खेलना है और 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी टीम को परिस्थितियों में किसी भी बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, आप अपने आप को विभिन्न परिस्थितियों और हर माहौल के लिए तैयार करते हैं और इसे ही हम चुनौती कहते हैं और आप इसे स्वीकार करते हैं।

## खेल सुर्खिया

# सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में

**सेन ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को केवल 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-15, 21-11 से हराया।**

**कैलगरी ■** भारत की पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन में अपना आगे बढ़ना जारी रखा और अपने-अपने एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि कृष्ण प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी हार गई। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधु को कोर्ट में उतरने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि उन्हें दूसरे दौर में जापान की नात्सुकी निदाइरा से वॉकओवर मिल गया, जबकि लक्ष्य सेन ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को केवल 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-15, 21-11 से हराया।



कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन 420,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से 24 मिनट में 9-21, 11-21 से हार गए। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सिंधु का मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा। गाओ ने दूसरे दौर के मुकाबले में स्विट्जरलेंड की जेनजिरा स्टेडेलन को 21-14, 22-20 से हराया।

यिगोर कोएल्हो के खिलाफ दूसरे राउंड में लक्ष्य सेन ने 2-0 की बढ़त ले ली, लेकिन ब्राजीलियाई प्रतिद्वंद्वी ने लगातार चार अंक लिए और वह 4-2 से आगे हो गए। 15-14 तक लगातार बढ़त बदलते रहने के कारण स्कोर बराबर होता गया, लेकिन लक्ष्य ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और अगले पांच अंक जीतकर 20-14 की बढ़त ले ली।

कोएल्हो ने एक गेम प्वाइंट बचाया लेकिन लक्ष्य ने अगला अंक जीतकर पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य हावी रहे और 3-2 से लगातार नौ अंक जीतकर 12-2 की बढ़त ले ली। उन्होंने बढ़त को 16-4 तक पहुंचा दिया और हालांकि ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक जीते, लक्ष्य ने अपना पलड़ा भारी रखा और दूसरा गेम 21-11 से जीतकर आसान जीत हासिल की। लक्ष्य, जिन्होंने पहले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत विटिडसार्न को हराया, अब क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के जूलियन केरागी से भिड़ेंगे।

# स्पेन में हाकी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली ■** स्पेन में 25 जुलाई से शुरू होने वाले चार देशों के हाकी टूर्नामेंट के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह टीम के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय हाकी टीम की घोषणा कर दी गयी। अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की जो 25 से 30 जुलाई तक टेरासा, स्पेन में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगी।



भारत चार देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलेंड और मेजबान स्पेन के खिलाफ खेलेगा जो बहुप्रतीक्षित हीरो एशियन चेंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 से पहले भारतीय टीम के लिए तैयारी कार्यक्रम के रूप में काम करेगा। टीम का नेतृत्व शीर्ष ड्रेगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उप कप्तानी शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी श्रीजेश परट्टू रवींद्रन और कृष्ण बहादुर पाठक की प्रतिभाशाली जोड़ी को सौंपी जाएगी, जबकि रक्षकों की सूची में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, संजय शामिल हैं। इसके अलावा, बेल्जियम में एफआईएच प्रो लीग मैचों में चूकने वाले डिफेंडर वरुण कुमार और नीलम संजीव ज़ेस को भी टीम में रखा गया है।

इस बीच, मिडफील्ड का नियंत्रण हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राज कुमार पाल जैसे ऊर्जावान और गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा, बेल्जियम में एफआईएच प्रो लीग मैच मिस करने के बाद सुमित और नीलकंठ शर्मा टीम में वापस आ गए हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, पवन, दिलप्रीत सिंह, सिमरनजीत सिंह और कार्थी सेल्वम की घातक आक्रमण क्षमता शामिल है।

टीम चयन पर बोलते हुए, मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,हमने सावधानीपूर्वक एक संतुलित टीम चुनी है जो अनुभव और युवा ऊर्जा को एक साथ लाती है। हमारा उद्देश्य एक एकजुट इकाई बनाना है जो उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा,स्पेन में चार देशों का टूर्नामेंट हमें अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और शीर्ष-गुणवत्ता वाले विरोधियों के खिलाफ अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए सही मंच प्रदान करेगा।

### क्रिकेट प्रेमियों के लिए अनूठी पहल 'होस्ट योर होम'

**गुरुग्राम** । देश की आनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने चुनिंदा महानगरों में क्रिकेट प्रशंसकों के लिये एक नया फीचर विकसित किया है जो आपके आवास से स्टेडियम की दूरी को दर्शायेगा। कंपनी का दावा है कि यह सुविधा क्रिकेट प्रशंसकों को सबसे उपयुक्त आवास विकल्प बुक करने में मदद करेगी। मेकमाईट्रिप के मुख्य व्यवसाय अधिकारी परीक्षित चौधरी ने कहा, हमने देश के चुनिंदा शहरों में अक्टूबर और नवंबर के दौरान होमस्टे आवासयों की तलाश में भारी बढ़ोतरी देखी है।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया पौध-रोपण

## नीम, जामुन और महुआ के रोपे पौधे, हितग्राही श्री सौरभ ने पौध-रोपण कर मुख्यमंत्री का माना आभार



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, जामुन और महुआ के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्री सौरभ कुशवाहा और सुश्री मणि देवी ने पौधे लगाए। श्री सौरभ को 25 मार्च 2023 को रायसेन रोड पर हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से पैर का ऑपरेशन करवाया गया था। हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित सुश्री मणि देवी को डॉक्टरों ने तत्काल सर्जरी और डबल वाल्व रिप्लेसमेंट की सलाह दी थी। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से सहायता उपलब्ध कराकर उनका इलाज गुरुग्राम के वेदांता अस्पताल में कराया गया, अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। श्री सौरभ कुशवाहा तथा सुश्री मणि देवी ने पौध-रोपण कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्री संजय व्यास, श्रीमती साधना व्यास और पंडित आशीषानंद महाराज ने अपने जन्म-दिवस पर पौधे रोपे। पौध-रोपण में श्री अखिल निरंजन, नीरज कुशवाहा, श्री विष्णु द्विवेदी, सुश्री शिल्पी कुशवाहा और सान्वी व्यास भी शामिल हुईं।



## 'हिप-हॉप इंडिया' में दिखाई देंगे रेमो डिसूजा

'रोबोट', 'एबीसीडी 2', 'बाजीराव मस्तानी' और 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' जैसी कई भारतीय फिल्मों के डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा जल्द ही आगामी डांस रियलिटी शो 'हिप-हॉप इंडिया' में अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। रियलिटी शो के साथ जुड़ने की घोषणा करते हुए रेमो डिसूजा ने अपने सोशल मीडिया पर शो का एक पोस्टर साझा किया, जिससे डांस प्रेमियों के बीच शो को लेकर काफी उत्साह पैदा हो गया। रेमो डिसूजा के साथ शो में हर हफ्ते एक नया सेलिब्रिटी डांस जज होगा। इसके अलावा एक और जज यह तय करेगा कि भारत की अगली बड़ी हिप-हॉप सनसनी का ताज किसे पहनाया जाएगा। यह जज कौन होगा, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। शो पर टिप्पणी करते हुए रेमो ने कहा कि ''मुझे लगता है कि डांस शब्दों और भावनाओं से परे है और इसने मुझे वह सब कुछ हासिल करने में मदद की है जो आज मेरे पास है। हिप-हॉप विशेष रूप से मुझे जीवन के प्रत्येक क्षण में जीवंत महसूस कराता है। हिप-हॉप इंडिया का लक्ष्य उभरते हिप-हॉप कलाकारों को सबसे बड़ा मंच प्रदान करना है। यह शो जल्द ही अमेजन मिनीटीवी पर स्ट्रीम होगा।



## मां का किरदार नहीं निभाना चाहती थीं मधु

अभिनेत्री मधु ने कहा कि उन्होंने 90 के दशक में अपने करियर के चरम पर फिल्म उद्योग छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह मिल रही भूमिकाओं से नाखुश थीं। 'रोजा', 'योद्धा', 'जालिम' और 'यशवंत' जेसी विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाली अभिनेत्री ने कहा कि 90 के दशक में हिंदी फिल्मों में एक्शन कहानियों और नायकों का बोलबाला था। वर्ष 1991 में फिल्म 'फूल और कांटे' से बॉलीवुड स्टार अजय देवगन के साथ रूपहले पर्दे पर पदार्पण करने वाली मधु ने कहा,'मुझे अजय देवगन की मां का किरदार निभाने में कोई रूचि नहीं है और यह एक संभावित परिदृश्य है। मधु (54) ने चेन्नई में आयोजित प्राइम वीडियो के 'मैत्रीः फीमेल फर्स्ट कलेक्टिव' के एक सत्र के दौरान कहा, ''हम दोनों ने एक साथ फिल्म जगत में शुरुआत की थी और हम हमउम्र हैं। मधु ने कहा, '90 के दशक के दौरान, हर तरफ एक्शन फिल्मों और नायकों की बात होती थी और मेरी भूमिकाओं में मुख्य रूप से नृत्य करना, कुछ प्रेम भरी लाइनें बोलना और माता-पिता के साथ आंसू बहाना शामिल था।

## धर्मेंद्र को बहुत पसंद करती थीं जया बच्चन



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जया बच्चन का कहना है कि वह अपने करियर के शुरूआती दिनों में धर्मेन्द्र से प्यार करती थी। करण जोहर निर्मित-निर्देशित फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में धर्मेंद्र और जया बच्चन साथ नजर आएंगे। धर्मेंद्र और जया बच्चन ने शोले और गुड्डी जेसी फिल्मों में भी साथ काम किया है। जया बच्चन ने कहा है कि उन्हें करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेंद्र पर क्रश था। जब वह धर्मेंद्र के साथ 'गुड्डी' में काम कर रही थीं तो उनको देखकर सोफे के पीछे छुप जाया करती थीं। जया बच्चन के इस बयान पर धर्मेंद्र ने भी रिएक्शन दिया है। धर्मेंद्र ने कहा, 'ये जया का प्यार और सम्मान है। मैं जया और अमिताभ को बहुत लंबे समय से जानता हूं। दोनों के साथ काम करने में मुझे मजा आता था। मुझे आज भी शोले की शूटिंग के दौरान बिताए गए मजेदार पल याद हैं।

## आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी जान्हवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपनी आने वाली फिल्म उलझ में आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आयेंगी। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उलझ' की शूटिंग लंदन में कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने लंदन का शेड्यूल पूरा कर लिया है। जान्हवी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म उलझ के सेट से कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें अपलोड कीं और केप्शन में लिखा, 'उलझ के 20 दिन पूरे हो गए। अभी 20 और जाने बाकी हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी आईएफएस ऑफिसर का रोल करेंगी।

जाह्नवी कपूर ने बताया, एक एक्टर के तौर पर मुझे फिल्म उलझ की स्क्रिप्ट देखते ही पसंद आ गई। मैं ऐसी फिल्में करना चाहती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर ला सकें, उलझ की स्क्रिप्ट बिल्कुल वेसी ही है। फिल्म उलझ की कहानी एक ऐसी आईएफएस ऑफिसर की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जिनके परिवार में भी देशभक्ति का जूनून सवार है।

लेकिन, अपने करियर के सबसे जरूरी मोड़ पर जाह्न्वी एक साजिश का शिकार हो जाती हैं और उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है।सुधांशु सरिया फिल्म उलझ को निर्देशित कर रहे हैं और जंगली पिक्चर्स ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फिल्म में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी नजर आएंगे।

सोनम विंबलडन चैंपियनशिप में भाग लेंगी और उनका स्टाइल विंबलडन ग्रीन कार्पेट पर दुनिया देखेगी। इससे पहले सोनम ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के यूके-भारत संबंधों का जश्न मनाते हुए रिसेप्शन में सुर्खियां बटोरीं थी। सोनम इन दिनों अपनी फिल्म 'ब्लाइंड' की रिलीज की तैयारियों में जुटी हैं।

## विंबलडन फाइनल में सोनम बिखरेंगी जलवा



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर लंदन में प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन के फाइनल की शोभा बढ़ाएंगी। वो इस इवेंट में उपस्थित होने वाली एकमात्र भारतीय सेलिब्रिटी बन गई हैं। विंबलडन चैम्पियनशिप 1877 से आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट है।

सोनम विंबलडन चैंपियनशिप में भाग लेंगी और उनका स्टाइल विंबलडन ग्रीन कार्पेट पर दुनिया देखेगी। इससे पहले सोनम ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के यूके-भारत संबंधों का जश्न मनाते हुए रिसेप्शन में सुर्खियां बटोरीं थी। सोनम इन दिनों अपनी फिल्म 'ब्लाइंड' की रिलीज की तैयारियों में जुटी हैं।

इस क्राइम थ्रिलर फिल्म का निर्देशन शोम मखीजा ने किया है। फिल्म में सोनम मुख्य भूमिका में हैं और पूरब कोहली विनय पाठक और लिलेट दुबे सहायक भूमिकाओं में हैं। 'ब्लाइंड' 2011 की कोरियाई फिल्म का रीमेक है।


## हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की शूटिंग पूरी

रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की शूटिंग पूरी हो गयी है। यो यो हनी सिंह अपनी डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड विजेता प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा बना रही हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी हनी सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, 'डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग पूरी हो गई है!



मेरे लिए यह एक क्रेजी इमोशनल राइड रही। इसके लिए मैं अपने निर्देशक मोजेज सिंह और प्रोड्ययूसर गुनीत मोंगा का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने इतने प्यार और भरोसे के साथ इसे बनाया। इसे शूट करते हुए करीब डेढ़ साल हो गया। अब फाइनली कुछ महीनों में यह रिलीज होने वाली है। मेरी जिंदगी को करीब से जानने के लिए तैयार रहिए। जय भोलेनाथ, सतनाम वाहेगुरू'।

यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री फिल्म के जरिए फैंस हनी सिंह की जिंदगी के अनजान पहलू से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही हनी सिंह की जिंदगी में आए तमाम उतार-चढ़ावों को भी दिखाया जाएगा।



## फिल्म 'विक्रम वेधा' दिखाती है अच्छी और बुरी सोच

एक्शन ड्रामा 'विक्रम वेधा' में एक दृढ़ पुलिसकर्मी के रूप में अपने प्रदर्शन के लिए जनता से प्या र बटोरने वाले बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने कहा कि यह फिल्म अच्छे और बुरे दृष्टिकोण को बदलना कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है यह बताती है। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने 'विक्रम वेधा' में अपने किरदार को लेकर बहुत मेहनत की है, उन्होंने इसके लिए असली बंदूकों के साथ जोरदार अभ्यास किया। इस फिल्म में दर्शकों को ऋतिक रोशन का दमदार अवतार 'वेधा' बहुत पसंद आया। फिल्म में सबसे अच्छे पुलिस वाले 'विक्रम' के रूप में सैफ को भी दर्शकों का प्या र मिला है। सैफ ने 'विक्रम वेधा' के टीवी प्रीमियर के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि 'विक्रम वेधा' को सही या गलत के दो विपरीत दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए दर्शकों द्वारा पसंद किया गया था। हिंदी मूवी क्लस्टर, वायकॉम 18 के बिजनेस हेड रोहन लावसी ने कहा,विक्रम वेधा एक प्रसिद्ध पुलिसकर्मी और एक खूंखार अपराधी की कहानी है।



## सेंसर बोर्ड ने 'भारतीयन्स' से हटाया 'शिव तांडव'

लव स्टोरीज बेस्ड 'प्रेमिनचुकुंदम रा' और 'कलिसुंदम रा' के लिए जाने जाने वाले दीना राज 'भारतीयन्स' नामक देशभक्ति फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। यह फिल्म चीन की नापाक रणनीति को दर्शाती है और इसे भारत के विभिन्न हिस्सों में स्पेशल स्क्रीनिंग में सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवानों से काफी सराहना मिली है। फिल्म में निरोज पुचा, सोनम थेंडुप बारफुंगपा, सुभा रंजन, समायरा संधू, राजेश्वरी चक्रवर्ती और महेंदर बर्गस प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निर्माता डॉ शंकर नायडू अदुसुमिल्ली, जो एक एनआरआई हैं और अमेरिका के जाने-माने सर्जन हैं, फिल्म में चीन का उल्लेख करने पर सेंसर पैनल की आपत्तियों का विरोध कर रहे हैं। फिल्म अब 70 कट्स के बाद रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से 'शिव तांडव' पर बना एक गाना भी हटा दिया है। सेंसर टीम के इस फैसले से निराशन निर्माता शंकर नायडू ने कहाः हमें सेंसर बोर्ड से कोई सपोर्ट नहीं मिला है। 'शिव तांडव' एक गाना है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

# ग्वालियर में चलती कार में युवक को चप्पलों से पीटते तलवे चटवाते वीडियो वायरल, दो आरोपितों को दबोचा

ग्वालियर सीधी के वीडियो का मामला थमा नहीं था कि शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर बर्बरता और अमानवीयता एक और का वीडियो सामने आ गया। वायरल हो रहे हैं वीडियो में एक युवक को चप्पलों से पीटा जा रहा है। उसे बेरहमी से लात-घूंसे मारे जा रहे हैं। इतना ही नहीं मारपीट करने वाले गुंडे युवक से अपने तलवे चटवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में मारपीट करने वाले युवक से कहलवा रहे- बोल गोलू गुर्जर बाप है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो ग्वालियर का है। पुलिस ने दो आरोपितों को दबोच लिया है। पीड़ित युवक डबरा के जंगीपुरा का रहने वाला मोहसिन है। जबकि मारपीट करने वाला गोलू गुर्जर के बारे में बताया जा रहा है कि उसका एक घर डबरा और एक गोका मंदिर में है। एएसपी जयराज कुबेर के अनुसार, कुछ समय पूर्व मोहसिन और गोलू के छोटे भाई के बीच झगड़ा हो गया था। सात दिन पहले मोहसिन मालनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां रहने चला आया। इस बीच मोहसिन को किसी बहाने ग्वालियर बुलाया गया। देशभर के अधिकांश हिस्सों में हल्की से भारी बारिश हो रही है। बिहार, गुजरात और असम के कई इलाकों में तो बारिश से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को मौसम सुहाना



**अब मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सामने आया युवक के साथ बर्बरता का वीडियो**

रहा।दरअसल, शुक्रवार की देर रात दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश हुई। साथ ही शनिवार और रविवार को तेज वर्षा होने की संभावना है। वहीं, केरल और कर्नाटक में आफत वाली वर्षा हो रही है। कुछ हिस्सों में बारिश की तीव्रता कम हुई तो कई इलाकों में तेज है।मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार और रविवार को तेज वर्षा हो सकती है, यहां से उसे गोलू गुर्जर उसके साथी कार में डालकर ले गए। कार में उसके साथ अमानवीय घटना को अंजाम दिया। बहुप्रसारित वीडियो के सबंध में एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने क्राइम ब्रांच और दो थानों की टीम को इसकी पड़ताल में लगाया है। बताया गया है कि रात को पुलिस ने आरोपित की तलाश में दबिश दी है। वीडियो में एक कार के अंदर एक युवक को कुछ गुंडे घेरकर बैठे हुए हैं। बेरहमी से उसे लात-घूंसे मार रहे हैं। एक युवक उसी कार में बैठकर वीडियो शूट कर रहा है। मोबाइल के सामने मारपीट करने वाला युवक बार-बार उस युवक से बुलवाने की कोशिश कर रहा है- गोलू गुर्जर बाप है। इसी बीच मारपीट करने वाला युवक मुंह कैमरे की तरफ मोड़ता है और उससे पैर का तलवा चटवाता है, बोलता है- पैर दबा और तलवे चाट। जब युवक तलवा नहीं चाटता तो उसके मुंह में जबरन पंजा डाल देता है। दूसरे वीडियो में युवक मारपीट करता है, पीछे से एक युवक उसे चप्पल देता है। फिर इस चप्पल से मुंह और सिर में बेरहमी से मारता है।

# मारपीट का बदला लेने के लिए चटवाए थे तलवे, एक और वीडियो आया सामने

**ग्वालियर।** मारपीट कर तलवे चटवाने के मामले में शनिवार को एक दूसरा वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में पीड़ित मोहसिन व उसके साथ लोग तलवे चटवाने वाले आरोपित गोली गुर्जर से मारपीट कर रहे हैं। यह घटना 23 मई की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज जो वायरल हो रहा है, वह भी 23 मई की रात का है। जिसमें गोलू गुर्जर से मारपीट हो रही है। इस वीडियो से लगता है कि तलवे चटवाने की घटना 23 मई को आरोपित से की गई मारपीट की बदला थी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक कार के अंदर एक युवक को कुछ गुंडे घेरकर बैठे हुए हैं। बेरहमी से उसे लात-घूंसे मार रहे हैं। एक युवक उसी कार में बैठकर वीडियो शूट कर रहा है। मोबाइल के सामने मारपीट करने वाला युवक बार-बार उसो युवक से बुलवाने की कोशिश कर रहा है- गोलू गुर्जर बाप है। इसी बीच मारपीट करने वाला युवक मुंह कैमरे की तरफ मोड़ता है और उससे पैर का तलवा चटवाता है, बोलता है- पैर दबा और तलवे चाट। जब युवक तलवा नहीं चाटता तो उसके मुंह में जबरन पंजा डाल देता है। दूसरे वीडियो में युवक मारपीट करता है, पीछे से एक युवक उसे चप्पल देता है। फिर इस चप्पल से मुंह और सिर में बेरहमी से मारता है।




# सीधी जैसी घटना भितरवार में भी, जमीन हथियाने आदिवासियों से की मारपीट



**ग्वालियर।** सीधी कांड अभी शांत नहीं हुआ है। इधर भितरवार के गोहिंदा में जमीन हड़पने को लेकर आदिवासियों से मारपीट कर उन्हें जूते चप्पल की माला पहनाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार रात की बताई जाती है। पीड़ितों का आरोप है कि उनके साथ पहले मारपीट की गई और दबंगों ने उन्हें जूते चप्पल की माला भी पहनाई। मामले में नानू तिवारी नामक आरोपित सहित उसके साथियों का नाम सामने आया है। आदिवासियों का थाने में रिपोर्ट लिखे जाने के लिए इंतजार करने का वीडियो इंटरनेट पर वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने नानू तिवारी सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज दर्ज किया है। इस संबंध में भितरवार एसडीओपी अभिनव बारंगे ने बताया कि आदिवासियों से मारपीट के मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुश्री उमा दीदी के व्यक्तित्व विकास में स्व. श्री लोधी का योगदान महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के गौरव स्व. श्री लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्व. श्री स्वामी प्रसाद लोधी जनता के हित में मेहनत, ईमानदारी और संकल्प शक्ति के साथ कार्य करते रहे। वे जीवन के हर क्षण का सदुपयोग करते थे। उनकी स्मृतियां अनेक हैं। इन स्मृतियों से उनकी उपस्थिति हमारे बीच हमेशा सजीव बनी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रवीन्द्र भवन में बुंदेलखंड के गौरव स्व. श्री लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. श्री लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा दीदी को आगे बड़ाने और उनके व्यक्तित्व के विकास में स्व. श्री लोधी का महत्वपूर्ण योगदान है। दीदी ने भाई साहब की अंतिम वर्षों में जो सेवा की वह अद्भुत है। सुश्री उमा दीदी उनके सामने आती थी तो उनके चेहरे पर झलकने वाली प्रसन्नता सहज ही देखी जा सकती थी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा दीदी अनंत शक्तियों का भंडार हैं। वे जनहित में जान हथेली पर रखकर संघर्ष करती हैं। मैं उनके साथ



बचपन से काम कर रहा हूँ। देश और प्रदेश की राजनीति में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कई विकास कार्यों की नींव रखी। स्व. श्री लोधी ने उसी तरह उमा दीदी का ध्यान रखा, जैसे पिता-पुत्री का ध्यान रखता है। ऐसा समर्पण दुर्लभ ही देखने को मिलता है। स्व. श्री लोधी जुझारू और जुनूनी थे। सुश्री उमा दीदी को मध्यप्रदेश के रत्न के रूप में गड़ने वाले मनीषी स्व. श्री लोधी का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री लोधी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता की। चाहे लोधी समाज संगठन की बात हो या अन्य समुदायों के कल्याण की, वे सभी के हित में सतत् प्रत्यनशील रहते थे। बुंदेलखंड अंचल के विकास के लिए भी अथक प्रयास किये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. श्री लोधी के पुत्र श्री नील माधव और पुत्री सुश्री नित्या को आशीर्वाद दिया। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में नई शराब नीति बनाकर अद्भुत कार्य किया है। मध्यप्रदेश में एक साथ ढाई हजार अहाते बंद किए गए हैं। शराब नीति में प्रदेश मॉडल स्टेट बन गया है। श्री चौहान के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# दिग्विजय सिंह बोले- इस बार गद्दारों को सिखाना है सबक



ग्वालियर। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अंचल की राजनीति में हलचल है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों के वरिष्ठ नेताओं का आवागमन हो रहा है। शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ग्वालियर आए। उन्होंने 21 जुलाई को प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को लेकर मेला मैदान में तैयारियों का जायजा लिया। दिग्विजय सिंह ने कहा इस बार गद्दारों को सबक सिखाना है। जनमत बेचने वालों को जनता सबक सिखाने को तैयार है। सीधी घटना पर कहा, यह घटना निंदनीय है। यह कृत्य माफ नहीं किया जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय सचिव शिव भाटिया, नेता प्रतिपक्ष डा़ गोविंद सिंह सहित ग्वालियर-चंबल के सभी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर बात की गई। बैठक के बाद दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा प्रियंका गांधी के कार्यक्रम में इतना जनसमर्थन मिलने वाला है कि विरोधियों को कोई मौका देने की गुंजाइश ही नहीं बचेगी। कमल नाथ मुख्यमंत्री के रूप में जनता से किए गए वादों को पूरा करेंगे। मध्य प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस की सरकार में राहत मिलेगी। कार्यकर्ताओं से मिलने के दौरान एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने राजा साहब जिंदाबाद का नारा लगाया। इस पर दिग्विजय सिंह भड़क गए और नारे लगाने से रोका। कहा कि वे राजा नहीं है, बल्कि एक कांग्रेसी हैं। इसलिए कांग्रेस जिंदाबाद का नारा लगाएं।

# महिलाओं, युवाओं, किसानों के जीवन में खुशहाली लाना हमारा मकसदः मुख्यमंत्री श्री चौहान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मकसद है। लाड़ली बहना योजना में धीर-धीरे बहनों को एक हजार रूपए से बड़ाकर तीन हजार रूपए तक की राशि हर माह उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख लोगों को शासकीय नौकरी में भर्ती किया जायेगा। इसके बाद और 50 हजार युवाओं को शासकीय नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शनिवार को गुना जिले के राघौगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन में यह बात कही। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाली 10 तारीख को पुनः बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। प्रतिवर्ष सरकार 15 हजार करोड़ रूपए की राशि बहनों के खातों में डालेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 तारीख को ही यह घोषित किया जायेगा कि अब 21 वर्ष की बहनें भी लाड़ली बहना में शामिल होंगी। साथ ही जिन बहनों के परिवार में ट्रेक्टर है, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राघौगढ़ के विकास में सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। वर्ष 2003 से पूर्व राघौगढ़ में न सड़क थी, न बिजली और न ही पीने का पानी था। सड़कों की हालत भी बहुत ही खराब थी। 2003 के बाद हमने यहाँ विकास के अनेक कार्य किए हैं और विकास की गति को हम रूकने नहीं देंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने महिला शक्ति को आगे बड़ाने का काम किया है, जिससे नारी शक्ति अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं तय कर सकती है। देश-प्रदेश में बेटियाँ अब बोझ नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना ने इसमें महती भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में जो कार्य हुआ है वह देश में अनुकरणीय है। श्री सिंधिया ने कहा कि राघौगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2003 से पहले अनेक समस्याएँ थीं, लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिये भी परेशान होना पड़ रहा था। वर्ष 2003 के बाद विकास के द्वार खुले और लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिल रही हैं। सांसद श्री रोडमल नागर ने कहा कि केन्द्र के और प्रदेश सरकार आम जन के उत्थान जो कार्य अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो ऐतिहासिक काम किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
मो. 7772843302
9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478